हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर से प्रकाशित

जमशेदपुर, रविवार

18.05.2025

नगर संस्करण

वर्ष: 01,अंक:360

RNI No. : JHAHIN - 01092

मूल्य : दो रुपए

rashtrasamvad.com

**सुविचार**

आप मृत्यु के उपरांत अपने साथ अपने अच्छे-बुरे कर्मों की पूंजी साथ ले जाएंगे, इसके अलावा आप कुछ साथ नहीं ले जा सकते, याद रखें कुछ नहीं। - स्वामी श्री सुदर्शनाचार्य जी

# ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया में भारत का पक्ष रखेंगे सर्वदलीय सात प्रतिनिधिमंडल



**नई दिल्ली,** । ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी दृढ़ नीतियों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए सर्वदलीय सात प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय लिया है। ये प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख सहयोगी देशों का दौरा करेगा।

संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में की जा रही है, जो भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ निरंतर लड़ाई का प्रतीक है। प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय संकल्प और आतंकवाद के सभी रूपों और स्वरूपों के खिलाफ उसके दृढ़ दृष्टिकोण को पेश करना है। ये प्रतिनिधिमंडल दुनिया को भारत के आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का मजबूत संदेश देंगे।

प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और विशिष्ट राजनयिक शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले सांसदों में शामिल हैं- शशि थरूर (कांग्रेस), रवि शंकर प्रसाद (भाजपा), संजय कुमार झा (जदयू), बैजयंत पांडा (भाजपा), कनिमोझी (द्रमुक), सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी) और श्रीकांत एकनाथ शिंदे (शिवसेना)।

सरकार के इस फैसले की सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि जब महत्वपूर्ण क्षण आते हैं तो भारत एकजुट खड़ा होता है। उन्होंने इसे राजनीति से ऊपर राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बताया। कांग्रेस नेता एवं विदेश मामलों से जुड़ी संसद की स्थाई समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने कहा कि वह इस निमंत्रण के लिए सम्मानित महसूस करते हैं और राष्ट्रीय हित के मामले में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हैं।

## हम न्यूक्लियर बम से नहीं डरते, पाकिस्तान में 100 km अंदर घुसकर मारा, अमित शाह ने भरी हुंकार



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय सेना की वीरता का सलाम करते हुए पाकिस्तान पर जमकर हमला किया. उन्होंने कहा, हम न्यूक्लियर बम से डरने वाले नहीं हैं. भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर हमला किया. गुजरात के गांधीनगर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर हमला किया और आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया. जो लोग हमें धमकाते थे कि उनके पास परमाणु बम हैं, उन्हें लगता था कि हम डर जाएंगे. लेकिन, हमारी सेना, नौसेना और वायु सेना ने उन्हें ऐसा करारा जवाब दिया है कि पूरी दुनिया हमारी सेना के धैर्य और पीएम मोदी के दृढ़ नेतृत्व की प्रशंसा कर रही है. मैं हमारे सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करता हूं.

**पाकिस्तान का एक भी मिसाइल या ड्रोन भारत की भूमि तक नहीं पहुंच पाया : अमित शाह-** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, जब पाकिस्तान ने पूरी पश्चिमी सीमा पर हमला करने का दुस्साहस किया, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी वायु रक्षा प्रणाली इतनी उत्तम हो गई है कि कोई भी मिसाइल या ड्रोन भारत की भूमि तक नहीं पहुंच पाया. 100 से अधिक दुर्दांत आतंकवादियों को मारने के बाद भी पाकिस्तान सोच में ही था, और हमने उनके 15 हवाई ठिकानों पर हमला किया, लेकिन हमने उनके लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया हमने उनकी हवाई हमले की क्षमता को नष्ट कर दिया.

**अगर आतंकवादी गतिविधि हुई, तो दोगुनी ताकत से देंगे जवाब - शाह:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ह्वहमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर हमला करके आतंकवादियों को करारा जवाब दिया. जो लोग कई अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी गतिविधियों की योजना बना रहे थे, जो सियालकोट और अन्य आतंकवादी शिविरों में छिपे हुए थे, ह्यउन सबको हमारे बम के धमाकों की गूंज ने एक स्पष्ट संदेश भेजा हैह्न झ अगर भारत के लोगों के साथ कोई आतंकवादी गतिविधि होती है, तो जवाब दोगुनी ताकत से दिया जाएगा. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, सत्ता संभालने के बाद से पीएम मोदी ने आतंकी हमलों का ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया है कि दुनिया हैरान है और पाकिस्तान डरा हुआ है. इस बार ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों को नष्ट कर दिया गया।

## ऑपरेशन सिंदूर- विदेश जाने वाले डेलिगेशन में थरूर का नाम, सरकार के फैसले से कांग्रेस नाराज

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की तरफ से विदेश भेजे जाने वाले प्रस्तावित सर्वदलीय डेलिगेशन पर भ्रम की स्थिति के बीच कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार को शशि थरूर को खुद चुनने के बजाय पार्टी की ओर से सुझाए गए नामों पर ही विचार करना चाहिए था. केंद्र सरकार की ओर से शनिवार को घोषित सात प्रतिनिधिमंडलों में से एक के प्रमुख के रूप में शशि थरूर को शामिल किए जाने से कांग्रेस हलकों में चर्चा शुरू हो गई, क्योंकि कांग्रेस ने केरल के तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर के नाम की सिफारिश नहीं की थी.

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार सुबह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की और उनसे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट करने के लिए विदेश भेजे जाने वाले प्रतिनिधिमंडलों के लिए चार सांसदों के नाम सुझाने को कहा था. शुक्रवार दोपहर तक राहुल गांधी ने संसदीय कार्य मंत्री को पत्र लिखकर चार नाम दे दिए. जिनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, लोकसभा में उपनेता गौरव गोगोई, राज्यसभा सांसद डॉ. सैयद नसीर हुसैन और लोकसभा सांसद अमरिंदर सिंह राजा वारिंग के नाम शामिल थे. पार्टी सूत्रों के अनुसार, सरकार ने कांग्रेस से संयुक्त राष्ट्र के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी और विदेश मामलों के विशेषज्ञ थरूर का नाम सूची में शामिल करने का आग्रह किया था, लेकिन कांग्रेस ने कहा था कि नाम सुझाने का काम पार्टी पर छोड़ देना चाहिए. फिर भी सरकार ने थरूर का नाम सूची में शामिल कर लिया. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने ईटीवी भारत से कहा, फ्सरकार को पार्टी द्वारा सुझाए गए नामों पर ही विचार करना चाहिए था. अगर सरकार ने पार्टी से कुछ नाम भेजने के लिए कहा था, तो फैसला पार्टी को करना था. पार्टी द्वारा दिए गए चार नामों में से सरकार किसी एक या एक से अधिक को प्रतिनिधिमंडल का प्रमुख बना सकती थी.

## भारत वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान को करेगा बेनकाब : दीपक प्रकाश

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित प्रमुख साझेदार देशों की यात्रा पर सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजने के भारत सरकार के कदम की जमकर सराहना की।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उठाया गया यह कदम न केवल सराहनीय है, बल्कि देश की वैश्विक छवि को मजबूत करने वाला भी है। दीपक प्रकाश ने कहा कि भारत की जीत, उसकी वीरता और आतंकवाद के खिलाफ उसकी अटल लड़ाई की कहानी को पूरी दुनिया तक पहुंचाना आवश्यक है। यह पहल न केवल भारत की कूटनीतिक ताकत को दर्शाती है, बल्कि वैश्विक मंच पर पाकिस्तान के झूठ को बेनकाब करने का भी एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा से आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। उन्होंने हाल के घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह भारत ने आतंकवादियों के ठिकानों और पाकिस्तान के सैन्य अड्डों को निशाना बनाकर उनकी कमर तोड़ दी। यह कार्रवाई न केवल भारत की सैन्य शक्ति का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि भारत अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगा।

## चुनाव आयोग ने तेज की ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की जांच

### चुनाव आयुक्त ने अधिकारियों को दिये निर्देश

**पटना,** । इस वर्ष बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की तैयारियां तेज हो गयी हैं। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।



शनिवार को चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने इस प्रक्रिया का जायजा लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों और अभियंताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए।

**सभी राजनीतिक दलों की मौजूदगी में हो रहा कार्य-** ईवीएमऔर वीवीपैट की एफएलसी इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा किया जा रहा है। एफएलसी सेंटर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार विनोद सिंह गुंजियाल की उपस्थिति के साथ-साथ सभी प्रमुख राजनीतिक दलों जैसे भाजपा, जदयू, राजद, कांग्रेस, एलजेपी, बहुजन समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी के जिला प्रतिनिधियों की मौजूदगी भी रखी गयी है। एफएलसी यानी फस्टर्ट लेवल चेकिंग वह प्रक्रिया है जिसमें चुनाव में इस्तेमाल होने वाले ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की तकनीकी जांच की जाती है। इसका उद्देश्य यह निश्चित करना होता है कि सभी मशीनें पूरी तरह से ठीक हैं और चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनी रहे। डॉ. विवेक जोशी ने एफएलसी सेंटर में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के अभियंताओं से विस्तृत जानकारी ली और हर पहलू की गहराई से जांच की।

## पाकिस्तान का झूठा प्रचार अब नहीं चलेगा, दुनिया को दिखेगी सच्चाई : बैजयंत पांडा

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्र सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति को स्पष्ट रूप से रखने के लिए शनिवार को सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के गठन की घोषणा की। इनमें से एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाजपा सांसद बैजयंत पांडा करेंगे।

बैजयंत पांडा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तानी सेना को एक बहुत ही महंगा सबक सिखाया है। दशकों से पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता आ रहा है। वहीं से उन्हें फंडिंग मिलती है, वहीं प्रशिक्षण मिलता है और आतंकवादी खुलेआम पाकिस्तान में घूमते हैं, जबकि उन पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध और गिरफ्तारी के वारंट भी हैं। उन्होंने कहा कि यह सब अब इतिहास बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत यह स्पष्ट कर चुका है कि आतंकवाद को लेकर हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है और पाकिस्तान तथा उसकी सेना को इस तरह के हमलों की कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने यह कीमत वसूल की है, लेकिन अब इस संदेश को पूरी दुनिया में फैलाना जरूरी है, क्योंकि पाकिस्तान झूठे प्रचार में भी बहुत आगे है। पूरी दुनिया यह जानती है कि पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन और अन्य आतंकवादियों को शरण दी थी, लेकिन आज भी वह विकास के नाम पर दुनिया से भीख मांगता है और फिर उस पैसे का दुरुपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने में करता है। इस झूठे नैरेटिव को अब तोड़ना जरूरी है। भाजपा सांसद ने कहा कि भारत का पक्ष पूरी तरह से मजबूत है और इस मुद्दे पर पूरा देश एकजुट है, सभी देशहित में एक साथ खड़े हैं। मोदी सरकार की यह पहल कि प्रतिनिधिमंडल केवल सरकारों से नहीं बल्कि मीडिया, शिक्षाविदों और जनमत-निर्माताओं से भी संवाद करे, एक दूरदर्शी कदम है। दुनिया को यह समझाना जरूरी है कि पाकिस्तान परमाणु धमकियों की आड़ में लगातार आतंकवाद फैलाता रहा है। लेकिन, अब उसका यह परमाणु झांसा भी उजागर हो चुका है।



बैजयंत पांडा ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान तीन प्रमुख बिंदुओं की ओर आकर्षित करने की बात कही। पहला, पाकिस्तान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से मिली आर्थिक सहायता का दुरुपयोग। दूसरा, परमाणु हमले की धमकियों का दुरुपयोग। तीसरा, आतंकवाद को खुला समर्थन। उन्होंने कहा कि आज पाकिस्तान पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। आपने देखा होगा कि उसे कितने सीमित देशों का समर्थन मिला।

## कंवेंशन सेंटर में करोड़ों की सरकारी संपत्ति की चोरी सुनियोजित षड्यंत्र : सरयू राय



**पूर्वी सिंहभूम।** कदमा स्थित बंद पड़े कंवेंशन सेंटर में करोड़ों की सरकारी संपत्ति की चोरी और क्षति को लेकर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने शनिवार को गंभीर चिंता जताई। उन्होंने जेएनएसी के उप नगर आयुक्त के साथ भवन का निरीक्षण कर इसे शीघ्र चालू कराने का निर्देश दिया। सरयू राय ने आरोप लगाया कि यह सब एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत हुआ है, जिसमें जुडको की लापरवाही स्पष्ट रूप से सामने आती है।

निरीक्षण के दौरान सामने आया कि तीनों तल्लों की फाल्स सीलिंग, सेंट्रलाइज्ड एसी के तांबे के केबुल, एसी मशीनें, शीशे और अन्य कीमती सामान चोरी हो चुके हैं। पूरे भवन को तोड़-फोड़ कर क्षतिग्रस्त किया गया है, जिससे लगभग 2.5 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। हैरानी की बात है कि निर्माण एजेंसी जुडको ने अब तक एफआईआर तक दर्ज नहीं कराई।

राय ने कहा कि भवन के डिजाइन में भी मनमानी तरीके से बदलाव किया गया है, जिससे वह माचिस की डिबिया बनकर रह गया है। खिड़कियां बंद कर दी गई हैं, जिससे वेंटिलेशन की सुविधा समाप्त हो गई है। उन्होंने इस बदलाव की जांच के आदेश दिए और पूछा कि इसका आदेश किसने दिया।

उन्होंने ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर चोरी महीनों तक चलती रही, जबकि बगल में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री का आवास था और सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रहती थी। उन्होंने जिम्मेदारी तय कर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही जेएनएसी को भवन की मरम्मत कराकर इसे वर्तमान स्थिति में ही उपयोग में लाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि भवन चालू होने से न सिर्फ जेएनएसी को आर्थिक लाभ होगा, बल्कि क्षेत्र की तस्वीर भी बदलेगी।

## सूर्य मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण सहित अन्य योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास

**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने सिदगोड़ा स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और सुरक्षा के लिए विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। प्रस्तावित योजनाओं में चिल्ड्रन पार्क में झूलों की मरम्मत, आगंतुकों के लिए शौचालयों की मरम्मति व रंग-रोगन, मंदिर परिसर की सजावट तथा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के कार्य शामिल हैं। विधायक ने कहा कि सूर्य मंदिर झारखंड की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान है और इसका विकास प्राथमिकता है।







कार्यक्रम के पश्चात विधायक पूर्णिमा साहू ने सूर्य मंदिर से सटे सोन मंडप का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में मंडप की स्थिति दयनीय पाई गई-फर्श टूटा हुआ था, रंग-रोगन नहीं था, पेयजल, एयर कंडीशनर और स्वच्छता की व्यवस्था भी खराब थी। उन्होंने शीघ्र ही विधायक निधि से सोन मंडप के जीर्णोद्धार की घोषणा की ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, सूर्य मंदिर समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, मिथिलेश सिंह यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



# गर्मी के मौसम को देखते हुए खराब चापकलों की सूची के साथ साथ नए स्थानों में लगाए जाने हेतु चापकलों की सूची देने का निर्देश

राष्ट्र संवाद सं



**जामताड़ाः** समाहरणालय सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट जामताड़ा की शासी परिषद की बैठक उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्रीमती कुमुद सहाय (भा०प्र०से०) की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा डीएमएफटी मद से पूर्व वित्तीय वर्ष में संचालित सभी योजना के प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई एवं समुचित दिशा निर्देश दिया गया।

वहीं बैठक में गर्मी को देखते हुए जिले में खराब पड़े चापाकलों की सूची देने का निर्देश दिया गया साथ ही किन स्थानों पर नए चापाकल की आवश्यकता है? इसका आकलन कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि डीएमएफटी से उसे दुरुस्त किया जा सके एवं लोगों को पानी की दिक्कत न हो। वहीं उन्होंने पहाड़िया बहुल ग्रामों में पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने वज्रपात से बचाव को लेके सभी विद्यालयों में तड़ित चालक की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत विद्यालयों में तड़ित चालक इंस्टॉल करवाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

वहीं इसके अलावा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने विभिन्न बिंदुओं को संज्ञान लेते हुए कहा मूलभूत सुविधाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाएगा। वहीं उन्होंने जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए आवेदनों पर सहानुभूति पूर्वक विचार विमर्श कर यथोचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर उप विकास आयुक्त श्री निरंजन कुमार, विधायक प्रतिनिधि श्री परेश यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री चार्ल्स हेंब्रम, जिला खनन पदाधिकारी श्री मिहिर सिलकर, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## दुमका डीडीसी ने दिया आवश्यक जानकारी

राष्ट्र संवाद सं

उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची एवं पैनलित एलुमनी रीच फॉर इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से प्रेझा फाउंडेशन को एक विशेष परियोजना परिवहन के रूप में गठित किया गया है, जिसका मूल उद्देश्य युवाओं का कौशल विकास करते हुए उन्हें रोजगार से जोड़ना है। इसी क्रम में दुमका जिला में 02 कल्याण गुरूकुल यथा- कल्याण गुरूकुल, चकलता, दुमका एवं कल्याण गुरुकुल, सरायदाहा, दुमका का संचालन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न प्रकार का 45 से 60 दिनों का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है एवं सफल प्रशिक्षण के बाद बड़ी कंपनियों में रोजगार दिया जाता है।

## सार-संक्षेप

### द विंग्ड रिंग्स पुस्तक का विधानसभा अध्यक्ष ने किया लोकार्पण



निजाम खान। राष्ट्र संवाद

**रांचीः** रबींद्रनाथ महतो अध्यक्ष झारखंड विधानसभा ने दिल्ली पब्लिक स्कूल धनबाद की छात्रा अनुष्का सिंह द्वारा लिखित पुस्तक द विंग्ड रिंग्स का लोकार्पण किया ।

द विंग्ड सीरीज पुस्तक का पहला भाग, नौ संघर्षरत युवाओं के बीच भावनाओं, साज़िशों और प्यार तथा समाज के डर, आघात और अवसाद का सामना करने की कहानी पर आधारित हैं । पुस्तक अंग्रेजी भाषा में लिखी गई है ।

माननीय अध्यक्ष ने इस पुस्तक का लोकार्पण करते हुए 12 साल की उम्र में, अनुष्का सिंह की साहित्य में व्यापक अभिरूचि की प्रशंसा की और इसे झारखंड के लिए गर्व का विषय बताया। अनुष्का सिंह कक्षा 8 की छात्रा है।जो वर्तमान में दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद में पढ़ रही है। उन्होंने दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची और इंदिरापुरम (गाजियाबाद) में भी पढ़ाई की है। पुस्तक की प्रस्तावना में लिखिका के द्वारा अपने पिता को रोल मॉडल मानते हुए यह पुस्तक अपने दादा स्वर्गीय अमीरचंद सिंह और दादी श्रीमती जमूरता देवी को समर्पित की है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीमार गंगा मरीक को सिकदार ट्रस्ट ने पाँच हजार राशि की सहायता प्रदान की



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**देवघर।** स्थानीय प्रफुल्ल - कनकलता सिकदार स्मृति न्यास के बैनर तले आयोजित एक समारोह में बीमार गंगा मरीक को सिकदार ट्रस्ट ने पाँच हजार राशि की सहायता प्रदान की। ज्ञात हो कि गंगा मरीक देवघर जिला के मोहनपुर प्रखंड के बारा पंचायत अंतर्गत पुराना चितकाठ गांव का निवासी है। उनके परिवार में कूल चार सदस्य हैं। 2019 के सावन महीने में एक दिन साइकिल से जा रहा था। अचानक एक कार वाले ने टक्कर मारने से वह पुल से नीचे गड्ढे में गिर गया और उसकी रीढ़ की हड्डी टुट गई। धनबाद, रांची और पटना में इलाज के वाद भी ठीक नहीं हो सका। वह कारीगर का काम करके परिवार चलाता था। उनकी दयनीय स्थिति बनी हुई है। सिकदार ट्रस्ट के सचिव काजल सिकदार ने समाजसेवी बिनोद सुल्तानियाजी के सहयोग से उन्हें यह राशि प्रदान की। गंगा मरीक अपनी धर्म पत्नी और दो बच्ची के सहयोग से एक खिचड़ी परोस का दुकान चलाकर अपने और अपने पुरे परिवार का जीविका निर्वाह करना चाहते हैं। देवघर शहर के बुद्धिजीवी समाजसेवी के आर्थिक सहयोग से उनका जीना सम्भव हो सकेगा।

# पचास वर्ष से अधिक उम्र के महिला शिक्षिकाओं का होगा अंतर जिला स्थानांतरण

**शिक्षक स्थानांतरण नियमावली में बदलाव सराहनीय कदमः दिलीप**

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**सारठ :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार रांची द्वारा शिक्षक स्थानांतरण नियमावली को सरल बनाने कि दिशा में नया अधिसूचना जारी करने पर एकीकृत गृह जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ के प्रदेश प्रभारी दिलीप कुमार राय ने हर्ष व्यक्त किया है। अधिसूचना संख्या 1522 दिनांक 14/05/25 में स्पष्ट किया गया है कि किन-किन शर्तों पर शिक्षकों को अंतर जिला स्थानांतरण का मौका मिलेगा। पचास प्लस महिलाओं का अंतर जिला स्थानांतरण का रास्ता साफ हो गया है।

पूर्व में राज्य के सरकारी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक, एवं शिक्षकों के स्थानांतरण हेतु संकल्प संख्या 2093 जारी किया गया था। शिक्षक संघ द्वारा इस संकल्प में बदलाव की मांग की जा रही थी। मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए वर्ष 2022 में अधिसूचना संख्या 1556 जारी किया गया। एक बार फिर उक्त स्थानांतरण नीति में संशोधन कर शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने अंतर जिला स्थानांतरण को सरल बनाने का काम किया है। नई नियमावली को कैबिनेट की स्वीकृति मिल चुकी है।

अति विशेष परिस्थितियों में असाध्य रोग की श्रेणी में स्वयं शिक्षक शिक्षिकाओं के अतिरिक्त उनके पति पत्नी एवं उनके संतान को भी शामिल किया गया है। वहीं 50 वर्ष से अधिक आयु वाली महिला शिक्षिकाओं, परित्यक्त शिक्षिकाओं,एकल अभिभावक शिक्षक शिक्षिका के अलावा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग शिक्षक शिक्षिकाओं को अंतर जिला स्थानांतरण के दायरे में लाया गया है जो सराहनीय पहल है। वहीं ओनलाइन के साथ साथ मैनुअल स्थानांतरण का भी उल्लेख किया गया है।संकल्प जारी करने के साथ ही साथ अंतर जिला स्थानांतरण के लिए आवेदन आमंत्रित करने हेतु तिथियों की घोषणा उप सचिव नंदकिशोर लाल द्वारा जारी कर दिया गया है। अंतर जिला स्थानांतरण के लिए 19 मई से पोर्टल पर आवेदन करने को लेकर पत्र जारी कर दिया गया है।

एकीकृत गृह जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ के प्रदेश प्रभारी दिलीप कुमार राय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड सरकार एवं विभागीय सचिव अंतर जिला स्थानांतरण विषय को लेकर गंभीर हैं। अंतर जिला स्थानांतरण की बाट जोह रहे शिक्षक शिक्षिकाओं को अपने गृह जिले में आने का मौका मिलेगा। वहीं उन्होंने कहा कि 50 वर्ष से अधिक सभी कोटी के शिक्षकों को भी सामान्य रूप से अंतर जिला स्थानांतरण के दायरे में लाया जाना चाहिए। सेवाकाल में शिक्षक शिक्षिकाओं को अंतर जिला स्थानांतरण का एक मौका दिया जाना चाहिए।

### गोड्डाः 40 डिग्री गर्मी में भी मशरूम उत्पादन कर रहीं महिलाएं, अदाणी फाउंडेशन की मदद से बन रहीं आत्मनिर्भर




राष्ट्र संवाद संवाददाता – ए बी सिद्दीकी

गोड्डा : भीषण गर्मी में जहां लोग धूप से बचने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं गोड्डा की महिलाएं 40 डिग्री तापमान में भी मशरूम की खेती कर आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम कर रही हैं। यह बदलाव संभव हो पाया है अदाणी फाउंडेशन की पहल से, जिसने स्थानीय महिलाओं को निःशुल्क मिल्की मशरूम उत्पादन के लिए ट्रेनिंग और किट उपलब्ध कराई है अदाणी फाउंडेशन द्वारा दी गई वैज्ञानिक पद्धति की ट्रेनिंग के चलते महिलाएं अब अपने घरों में कम जगह और सीमित संसाधनों में भी उच्च गुणवत्ता वाले मिल्की मशरूम का उत्पादन कर रही हैं। इससे न केवल उनके घर की आय बढ़ी है, बल्कि वे अब आर्थिक रूप से भी सशक्त हो रही हैं। मशरूम की बाजार में बढ़ती मांग से महिलाओं को अच्छा मुनाफा हो रहा है। स्थानीय बाजारों के अलावा आस-पास के जिलों में भी इनका मशरूम भेजा जा रहा है। गांव की एक महिला उत्पादक कहती हैं, ₹पहले हमें इस काम का कोई अनुभव नहीं था। अदाणी फाउंडेशन की ट्रेनिंग से हमें आत्मविश्वास मिला और अब हम घर बैठे अच्छी कमाई कर रहे हैं। गोड्डा में इस पहल से सैकड़ों महिलाएं जुड़ चुकी हैं और यह नारी सशक्तिकरण का एक प्रभावी उदाहरण बनता जा रहा है। गर्मी जैसे चुनौतीपूर्ण मौसम में भी यह महिलाएं जिस समर्पण से काम कर रही हैं, वह सराहनीय है।

# ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले वाहन चालक पर होगी कार्रवाई

राष्ट्र संवाद सं



बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे द्वारा जिले में हुए सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर चर्चा की गई। निदेश दिया गया कि नियमित वाहनों की जांच करें एवं नियम का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी को लंबित हिट एंड रन मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपस्थित थाना प्रभारियों को नियमित रूप से दो पहिया एवं चार पहिया वाहन जांच अभियान चलाकर नियमानुसार जुमार्ना करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने जांच में हेलमेट ना पहनने, शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक की भी जांच करने तथा कारवाई करें एवं ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में संबंधित पदाधिकारी एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मनोज कुमार घोष, रमन कुमार वर्मा, मुस्ताक अली, नीलकंठ झा एवं जिला सड़क सुरक्षा कार्यालय के कर्मी दीपक कुमार ,मनोज, कुमार अमित कुमार उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया बैंक मोड़ फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण



राष्ट्र संवाद धनबाद

**युद्धस्तर पर काम कर, 10 जून तक पूरा करने का दिया निर्देश**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने शनिवार को बैंक मोड़ फ्लाईओवर के मरम्मती कार्य का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने आर.सी.सी. ढलाई, फ्लाईओवर का जोइंट, मरम्मत में उपयोग हो रही सामग्री, जेसीबी व न्यूमेटिक मशीन से निकाला जा रहा पुराना लेयर, कार्य की प्रगति सहित अन्य बिंदुओं पर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने तीन शिफ्ट में युद्ध स्तर पर काम करने, काम की गुणवत्ता बरकरार रखने एवं 10 जून 2025 तक फ्लाईओवर के दोनों लेन की मरम्मत पूरी करने का निर्देश दिया।

मौके पर पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता श्री मिथिलेश प्रसाद, सहायक अभियंता श्री जीतेन्द्र मिश्रा, ठेकेदार श्री संजय गोतिया व अन्य लोग मौजूद थे।

# विद्यालय से दोहरे नामांकन को हटाया जाएःउपायुक्त

राष्ट्र संवाद सं



आज उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने समग्र शिक्षा अभियान एवं शिक्षा विभाग की समीक्षा की। समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखंड विद्यालय में शत प्रतिशत बच्चो एवं शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। सभी शिक्षक ई विद्यावाहिनी में अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कम उपस्थिति वाले प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को उन्होंने चेतावनी दी कि गायब रहने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करें। उन्होंने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियो को निर्देश दिया कि जो सीआरपी अपने काम में लापरवाह हैं उनपर कार्रवाई करें। उनका कार्य अनुश्रवण कर सही रिपोर्ट देना है यदि वे लापरवाह शिक्षकों की सूचना नहीं देते तो उनपर कार्रवाई की जाय। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में नामांकित बच्चो की जांच करवाएं जो बच्चे सरकारी विद्यालय में केवल नाम ढो रहे हैं एवं निजी विद्यालय में पढ़ रहे हैं उन्हें चिह्नित किया जाए ऐसे बच्चो का नाम विद्यालय पंजी से हटाया जाए। यह काम अगली समीक्षा बैठक के पूर्व पूरा हो जाना चाहिए अन्यथा ऐसे बीईओ को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मध्याह्न भोजन योजना पुस्तक वितरण इत्यादि की भी समीक्षा की तथा समयानुसार सभी बच्चो को पुस्तक उपलब्ध करा देने का निर्देश दिया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार हेंब्रम, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी देवेश कुमार सिंहा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम सुंदर मोदक, अमर प्रकाश टूटी, रंजन डॉन, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी वंदना भट्ट सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रेड रोज स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जेईई मेन्स में 95 .44 परसेंटाइल लाए अमन राज को विशेष पुरस्कार से किया गया सम्मानित**

**देवघरः** रेड रोज स्कूल देवघर द्वारा सीबीएसई बोर्ड व बारहवीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया । मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रेड रोज स्कूल के सचिव युधिष्ठिर प्रसाद राय व विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद व स्कूल के पूर्व प्राचार्य राम सेवक सिंह 'गुंजन' उपस्थित थे । कार्यक्रम की शुरूआत सचिव युधिष्ठिर प्रसाद राय, पूर्व प्राचार्य रामसेवक सिंह गुंजन, प्राचार्य अनिल कुमार पांडे, प्रबंध निदेशक आर. एन. सिंह, पंचानंद पाठक, जयकांत झा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। आगे सम्मान समारोह कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन छात्रों दशम की परीक्षा में 96.2% अंक लाकर प्रियांश राज, स्वास्तिक प्रियम (94.2), देव आशीष (92.2), शनि वैभव (91.6), छवि कुमारी (90. 4), नवीन सत्यम (87. 8), मिष्टी प्रिया (84.4), वनिका (81.8), नमन भारद्वाज (80) व बारहवीं की श्रुति कुमारी (91%) रेशिका चौधरी (90%) आकृष्ट कुमार केशरी (85%) खुशी कुमारी (84.4%) बंदना कुमारी (81%) कॉमर्स की पलक कुमारी (90%) मेघा मिश्रा (84%), अनमोल भारद्वाज (83.3), गौरव कुमार (80%) और आदित्य कुमार सिंह (78.9%) को मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किए गए।

मौके पर सचिव युधिष्ठिर प्रसाद राय ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों का समर्पण और अभिभावकों का सहयोग मिलकर ही शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित होती है।जबकि पूर्व प्राचार्य रामसेवक सिंह गुंजन ने कहा आज आपको सम्मान के रूप में जो जिम्मेवारी सौंपी गई, उस सम्मान का आपको प्रतिष्ठा बचाना है , आगे आप को और भी बढ़िया करना है। उन्होंने सामान्य वातावरण में मिली इस कामयाबी को बहुत बड़ी कामयाबी बतलाते हुए कहा कि अगर आप दृढ इच्छा शक्ति के साथ कठोर परिश्रम करें।

## बसंतराय में वाहन जांच अभियान, दर्जनों वाहनों का कटा चालान

राष्ट्र संवाद संवाददाता



गोड्डा : जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन कुमारी भदौरिया के नेतृत्व में शनिवार को थाना गेट के सामने सदर बाजार इलाके में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। जांच अभियान के दौरान दर्जनों दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। जिन वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए, या जो चालक बिना हेलमेट व आवश्यक दस्तावेजों के पाए गए, उनका चालान काटा गया। अभियान में बसंतराय थाना के सब-इंस्पेक्टर अशोक कुमार तथा परिवहन विभाग के कर्मी मीट्ठू कुमार भी मौजूद थे। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर विभाग पूरी तरह सतर्क है और भविष्य में भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे लोगों से अपील की गई कि वे वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें और सभी जरूरी कागजात साथ रखें, ताकि दुर्घटनाओं से बचाव हो सके और यातायात व्यवस्था बनी रहे।

# डीडीसी की अध्यक्षता में जेएसएलपीएस की हुई जिला स्तरीय बैठक

राष्ट्र संवाद सं



उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (खरछढर) की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशांत एक्का, जिला प्रबंधक आजीविका दिवाकर मंडल एवं प्रणव प्रियदर्शी, कौशिक मंडल, प्रखंड से कार्यक्रम प्रबंधक कमल किशोर एवं ढढकअ फेलो प्रिया सिंह उपस्थित रहे।

बैठक का प्रमुख फोकस तसर उत्पादन की समूची श्रृंखला-जैसे रीलिंग , कुकिंग , प्रशिक्षण, चुनौतियाँ एवं विपणन-पर रहा। विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने पर जोर दिया गया। तसर उत्पादन में ग्रामीण महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए, उन्हें उन्नत प्रशिक्षण, मशीनरी व उपकरणों की सुविधा तथा वित्तीय और तकनीकी सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

महिला स्वयं सहायता समूहों को तसर से जुड़ी गतिविधियों-जैसे कोकून प्रोसेसिंग, धागा उत्पादन, और तसर वस्त्र निर्माण-से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार और आयवर्धन के स्थायी साधन उपलब्ध कराने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इसके लिए, महिला समूहों को बाजार से जोड़ने हेतु विपणन एवं ब्रांडिंग के क्षेत्र में प्रशिक्षित करने तथा उन्हें राज्य स्तर के मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लेने का अवसर देने की योजना बनाई गई। तसर क्षेत्र में महिलाओं को उद्यमी के रूप में विकसित करने, प्रशासनिक सहयोग देने तथा उनके लिए एक स्थायी और सम्मानजनक आजीविका के अवसर सृजित करने की दिशा में खरछढर द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

राज्य कार्यालय द्वारा जिले के लिए निर्धारित तसर उत्पादन और विपणन के लक्ष्य को अधिक बढ़ाकर पूरा करने का निर्देश दिया गया।

# जन समस्याओं से जूझते कुमारडुंगी के ग्रामीणों से मिले पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई, भावुक होकर कहा - जल्द दिलाऊंगा राहत

राष्ट्र संवाद संवाददाता
रामगोपाल जेना

**जरजर सड़कें, सूखा हैंडपंप, बिजली संकट से त्रस्त ग्रामीणों ने सुनाई व्यथा, बोले- वर्षों से नहीं देखा विधायक का चेहरा**

**चाईबासा/कुमारडुंगी:** मझगांव विधानसभा क्षेत्र के कुमारडुंगी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे ग्रामीणों की पीड़ा तब सामने आई जब शनिवार को क्षेत्र के पूर्व मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बड़कुंवर गागराई अपने दौरे पर कुमारडुंगी पहुंचे। अपने नेता को देख स्थानीय ग्रामीण भावुक हो उठे और उन्हें घेरकर सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया।

**ग्रामीणों की पीड़ाः न सड़क, न पानी, न बिजली**

ग्रामीणों ने बताया कि उसामबीर, पातारहातु से बाईदा मेन रोड तक की सड़कें पूरी तरह टूट चुकी हैं। बरसात और गर्मी दोनों में आवाजाही करना बेहद कठिन हो गया है। स्थानीय प्रशासन, मुखिया और यहां तक कि प्रखंड विकास पदाधिकारी से कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों बीत गए, लेकिन अपने क्षेत्रीय विधायक तक को उन्होंने देखा नहीं। इससे उनमें गहरी नाराजगी और उपेक्षा की भावना है। खेड़िया गोट के लोग पानी की गंभीर समस्या से त्रस्त हैं। ग्रामीणों ने



बताया कि जल नल योजना, हर घर जल जैसी योजनाएं केवल कागजों में ही हैं। बोरिंग कर तो दिया गया लेकिन वह टूटा पड़ा है, जलमिनर खराब पड़ा है, और जो पानी निकलता है वह भी पीने योग्य नहीं है।

**भीषण गर्मी में बिजली की आंखमिचौली**

गर्मी के इस भीषण दौर में बिजली की भी स्थिति अत्यंत खराब है। कभी लो वोल्टेज तो कभी घंटों बिजली गुल।

ग्रामीणों का कहना है कि गांवों की सुध लेने वाला कोई नहीं है, उनकी आवाज कहीं नहीं सुनी जा रही।

**पूर्व मंत्री गागराई हुए भावुक, दिलाया भरोसा**

ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर पूर्व मंत्री श्री बड़कुंवर गागराई भावुक हो उठे। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा, ₹मुझे बहुत तकलीफ हो रही है कि हमारे गांवों में लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। केंद्र सरकार की इतनी सारी योजनाएं हैं, लेकिन उसका लाभ लोगों तक नहीं पहुंच रहा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।₹

उन्होंने कहा कि वे जल्द ही संबंधित विभागों से बात कर सड़क, पानी और बिजली की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए कदम उठाएंगे। श्री गागराई ने आगे कहा कि यह उनका नैतिक दायित्व है कि वे जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाएं और जब तक समाधान नहीं होता, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे।

**सियासी संदेश भी**

श्री गागराई के इस दौरे को सियासी दृष्टिकोण से भी अहम माना जा रहा है। क्षेत्र की बदहाल स्थिति और निर्वाचित प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति ने आम जनता में असंतोष की लहर पैदा कर दी है, जिसका असर आगामी चुनावों में भी दिख सकता है।

**ग्रामीणों को उम्मीद**

इस दौरे के बाद ग्रामीणों में एक बार फिर आशा की किरण जगी है। उन्हें उम्मीद है कि पूर्व मंत्री गागराई की सक्रियता से उनकी आवाज सरकार तक पहुंचेगी और जल्द ही सड़क, पानी, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं उन्हें प्राप्त होंगी।

# दड़कादा में प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का विधायक प्रतिनिधि व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता
रामगोपाल जेना

**प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र बनने से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलेगा बेहतर स्वास्थ्य सुविधा : सन्नी उरांव**



चक्रधरपुर प्रखंड के होयोहातु पंचायत के दड़ाकदा गांव में प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण होगा। भवन निर्माण को लेकर शनिवार को विधायक प्रतिनिधि पीरू हेम्ब्रम एवं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सन्नी उरांव ने विधिवत नारियल फोड़कर भूमि पूजन किया। इससे पूर्व गांव के दिउरी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। भवन का निर्माण विशेष प्रमंडल से कराया जाएगा। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सन्नी उरांव ने कहा कि सुदूरवर्ती दड़कादा गांव में ग्रामीणों द्वारा लगातार उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की मांग किया जा रहा था। सुदूरवर्ती क्षेत्र में ग्रामीणों को स्वास्थ्य की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। जिससे ग्रामीणों को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल आना पड़ता हैं। लेकिन अब भवन का निर्माण होने से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल पाएगा। दड़कादा में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन रहने पर खासकर गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल इसका लाभ मिल पाएगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में फैलने वाला डायरिया एवं मलेरिया की भी नियमित जांच एवं इलाज हो पाएगा। मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव ताराकांत सिजुई, मुखिया रघुनाथ गुन्दुवा, प्रदीप महतो, निराकर केराई, निक्कु सिंह, कुमार विवेक, डीक्की मंडल, पंचायत अध्यक्ष जागेन सिंह हांसदा, लखन गागराई, ग्रामीण मुंडा मुचीराम, लिटाराम गागराई, शिवराम गागराई, भरत सिंह गागराई, दोनो गागराई, लखीराम गागराई, रमेश सोय, बिरसा हेम्ब्रम समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# सेना के सौर्य का अपमान भाजपा के नियत और सोच का उदगार है : आनन्द बिहारी दुबे

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः**पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित भाजपाई विवादित बयान के साथ तिरंगे का भी अपमान कर रहे हैं इसको लेकर कांग्रेसियों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है. इसको लेकर शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से साकची गोलचक्कर पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह और राजस्थान के भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया. बता दे कि मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दिया है, जिस पर कोर्ट ने भी संज्ञान लिया है. इधर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के नाम पर देशभर में भाजपाई तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं. इसी कड़ी में



राजस्थान के भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने तिरंगे से अपना पसीना पोछा और नाक साफ की. यह वीडियो वायरल होते ही कांग्रेसियों ने विरोध शुरू कर दिया है. पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तिरंगे का अपमान करने और देश के आबरू के साथ समझौता करने का आरोप लगाया और कहा कि आतंकवादियों को मांगने के बजाय भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर को अधूरा छोड़कर देश की जनता को गुमराह करने का काम किया है.

# नोडल पदाधिकारियों ने की सरकार की योजनाओं की जमीनी समीक्षा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम जिले में सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं की प्रभावशीलता को परखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है । जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंड और नगर निकाय के लिए नियुक्त नोडल पदाधिकारियों द्वारा प्रत्येक शनिवार को पंचायतों और वार्डों का दौरा कर योजनाओं की प्रगति और सेवाओं की वास्तविक स्थिति की समीक्षा की जाती है ।

इस अभियान के तहत आज धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती शताब्दी मजूमदार, अपर उपायुक्त श्री भगीरथ प्रसाद, निदेशक एनईपी श्री संतोष गर्ग, एसडीओ घाटशिला श्री सुनील चंद्र, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह, डीसीएलआर श्री नीत निखिल सुरीन, जिला



आपूर्ति पदाधिकारी श्री सलमान जफर खिजरी, एसओआर श्री राहुल आनंद, जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रीमती रिंकू कुमारी, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री धनंजय, कार्यपालक दण्डाधिकारी श्री मृत्युंजय कुमार व अन्य संबंधित नोडल ने जमशेदपुर के मध्य गदड़ा, पोटका का माटकु पंचायत, पटमदा में लक्षीपुर, बोड़ाम के पोखरिया, घाटशिला में बांकी, मुसाबनी के तेरेंगा, डुमरिया में अस्ताकोवाली, धालभूमगढ़ के कोकपाड़ा नरसिंहगढ़, बहरागोड़ा में पाथरी, चाकुलिया में बड़ामारा, गुड़ांबादा का मुराकाटी पंचायत तथा जमशेदपुर शहरी क्षेत्र के तीनों नगर निकाय में वार्डों का निरीक्षण किया ।

नोडल पदाधिकारियों ने आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, स्वास्थ्य उपकेन्द्र, जन वितरण प्रणाली दुकान, मनरेगा कार्यस्थल और पंचायत भवनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित सुविधाओं की उपलब्धता, गुणवत्ता और नागरिकों तक इनकी पहुंच को परखा गया ।

जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि इस निरीक्षण से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों के अनुरूप हो और लाभार्थियों को सुविधाएं समय पर तथा पारदर्शी तरीके से प्राप्त हों। उन्होने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया एक नियमित अनुश्रवण अभ्यास है, जिसका उद्देश्य न केवल योजनाओं की समीक्षा करना है, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर सुधारात्मक कदम उठाना भी है ।

# भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री बीआर गवई से मिले राजेश शुक्ल,किया अभिनंदन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

नई दिल्ली में बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा होटल ललित में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री बी आर गवई का सम्मान समारोह बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन और राज्यसभा के सांसद श्री मनन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीशों और कई राज्यों के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश गणो के साथ देश के विभिन्न राज्यों के स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन तथा सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा न्यायमूर्ति गवई का अभिनंदन किया

इस अवसर पर झारखंड स्टेट बार काउंसिल की तरफ से झारखंड के समस्त अधिवक्ताओं की ओर से



झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने शाल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर न्यायमूर्ति श्री गवई का अभिनंदन किया ह्व श्री शुक्ल ने कहा कि न्यायमूर्ति श्री गवई के अनुभवी मार्गदर्शन में देश की न्यायपालिका और भी गौरवांवित और महिमामंडित होंगी ह्व श्री शुक्ल ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन श्री मनन कुमार मिश्र के नेतृत्व की भी सराहना करते हुए कहा कि श्री मिश्र के कुशल नेतृत्व में देश के अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा निरंतर होती रही है और आगे भी होती रहेंगी ह्व

इस कार्यक्रम में झारखंड स्टेट बार काउंसिल की तरफ से बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्री प्रशांत कुमार सिंह, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन श्री राजेन्द्र कृष्णा, वाइस चेयरमैन राजेश कुमार शुक्ल, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य श्री महेश तिवारी, अमर सिंह, अभय कुमार चतुर्वेदी, परमेश्वर मंडल, बालेश्वर सिंह, राजकुमार,.संजय विद्रोही, अब्दुल कलाम रशीदी, राधेश्याम गोस्वामी, मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव ,अनिल कुमार महतो ने भाग लिया और मुख्य न्यायाधीश को शुभकामनाएं दीं ह्व इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्री प्रशांत कुमार सिंह ने किया ह्व

# पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी, आज 12 परीक्षा केन्द्रों पर 7507 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2025 का आयोजन 18 मई 2025 (रविवार) को होगा । पूर्वी सिंहभूम जिला में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं । इस परीक्षा में 7507 परीक्षार्थी शामिल होंगे । 10:30 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक संचालित परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी । वहीं परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थित दर्ज की जाएगी । इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या गजेट्स यथा मोबाईल, कैलकुलेटर, डिजिटल डायरी, पेजर, लॉग टेबल, स्मार्ट वॉच इत्यादि का प्रयोग वर्जित रहेंगे । कोई परीक्षार्थी इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या गजेट्स का प्रयोग नहीं करेंगे । परीक्षा केन्द्रों पर इसे ले जाने की मनाही है । जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा को लेकर संयुक्त आदेश जारी कर कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने का निदेश दिया है । परीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था के



बेहतर संधारण को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के निदेर्शानुसार समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई । अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में सभी केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, उड़नदस्ता-सह- गश्ती दण्डाधिकारी के साथ बैठक हुई । बैठक में परीक्षा को कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण एवं सुगमतापूर्वक संचालन कराने का निदेश दिया गया । नोडल पदाधिकारी ने परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त कर्मियों को निषक्षता एवं नियमबद्धता के साथ कार्य करने तथा परीक्षा संचालन संबंधी विभिन्न निदेशों एवं नियमों का समुचित पालन करने का निदेश दिया । परीक्षा केन्द्रों पर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने तथा कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों के लिए स्ट्रैटिक दंडाधिकारी एवं उड़नदस्ता-सह-गश्ती दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है ।

**इन परीक्षा केन्द्रों पर होगी परीक्षा**

पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के लिए जिला में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्र जमशेदपुर शहरी क्षेत्र में अवस्थित हैं । इन परीक्षा केन्द्रों में एलबीएसएम कॉलेज, करीम सिटी कॉलेज, कॉपरेटिव कॉलेज, दयानन्द पब्लिक स्कूल, ग्रेजुएट कॉलेज, जे के एस इंटर कॉलेज ऑफ कॉमर्स, गुरूनानक हाई स्कूल, आर के एम लेडी इंदिरा हाई स्कूल, एबीएम कॉलेज, आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल, शारदामणी गर्ल्स हाई स्कूल, सिस्टर निवेदिता हाई स्कूल शामिल हैं ।

**परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू**

पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2025 के आयोजन को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा लागू गया है। धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान बी.एन.एस.एस. के अंतर्गत निषेधाज्ञा घोषित की गई है। यह निषेधाज्ञा परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियनः प्लांट वन में अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का हुआ स्वागत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नए अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का प्लांट वन के सभागार में स्वागत किया गया। इस दौरान महामंत्री आरके सिंह , डिविजनल हेड मनीष वर्मा, सत्यजीत महंता , मलय , राकेश समेत अन्य मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद एवं महामंत्री आरके सिंह को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन अलि रजा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन गुरमीत सिंह लखनपाल ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि यूनियन एवं प्रबंधन के समन्वय से कंपनी आगे बढ़ सकती है। प्लांट वन में यदि कोई समस्या सामने आएं तो मिलकर बातचीत होनी चाहिए, बातचीत से समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने सेफ्टी, क्वालिटी, उत्पादकता की बात को दोहराते हुए इन तीनों बातों पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव



दिये।

कार्यक्रम को अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ने भी संबोधित किया। उन्होंने महामंत्री के बातों का समर्थन करते हुए उचित निदेर्शों का ईमानदारी से पालन करने का सुझाव दिये।

डिविजनल हेड मनीष वर्मा ने कहा कि प्लांट वन में हर कोई अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हैं। कंपनी में कोई मालिक और मजदूर नहीं है , बल्कि परस्पर सहयोगात्मक भाव से कार्य करने की परंपरा प्रचलन में है। हम सबों को कंपनीहित में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया।

अमलेश रजक एवं सुबोध सिंह का हुआ स्वागत।

कार्यक्रम के दौरान महामंत्री आरके सिंह के हाथों अमलेश रजक का तथा अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद के द्वारा सुबोध सिंह को अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया।

## सार-संक्षेप

### आज गोलमुरी जॉगर्स पार्क से शहीद स्मारक तक निकाली जाएगी 'सिंदूर यात्रा', विधायक पूर्णिमा साहू के नेतृत्व में होगा आयोजन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारतीय नारी के आत्म-सम्मान और संस्कृति की प्रतीक ₹सिंदूर₹ को समर्पित विशेष ह्वसिंदूर यात्राह्व का आयोजन जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू के नेतृत्व में रविवार को गोलमुरी स्थित जॉगर्स पार्क से प्रारंभ होगी। सुबह 10 बजे प्रारंभ होने वाली इस यात्रा का समापन गोलमुरी पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि के साथ किया जाएगा। इस यात्रा का उद्देश्य हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा भारतीय महिलाओं के सिंदूर को अपमानित करने के कृत्य के विरुद्ध आवाज उठाना है। आतंकियों के कायराना हरकत का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' से उन्हें उनके ही घर में घुसकर धराशायी किया। यह सिंदूर यात्रा विशेष रूप से माताओं- बहनों और ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित है, जो पवित्र सिंदूर की गरिमा और भारतीय संस्कृति के गौरव को यात्रा में प्रकट करेंगी। विधायक पूर्णिमा साहू ने शनिवार को विभिन्न भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा अध्यक्षों के संग बैठक कर कार्यक्रम की सफलता की रूपरेखा बनाई। बैठक में सिंदूर यात्रा की सफलता हेतु विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। इस यात्रा में सिर्फ मातृशक्ति भाग लेंगी। आयोजन को लेकर स्थानीय महिलाओं में भी उत्साह और भागीदारी का व्यापक माहौल देखा जा रहा है।

वहीं, आयोजन की तैयारियों को लेकर भाजपा गोलमुरी मंडल के कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय के नेतृत्व में शनिवार को गोलमुरी शहीद स्मारक परिसर की साफ-सफाई की। भाजपा कार्यकताओं ने पूरे परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की ताकि रविवार सुबह में समारोह पूरी श्रद्धा के साथ सम्पन्न हो सके। इस दौरान पप्पू उपाध्याय, अप्पा राव, प्रोबिर चटर्जी राणा, हरेराम यादव,सुरेंदर सिंह सिंदे, सतीश शर्मा, सन्नी सिंह चौहान, मनीष बांद्रा, दशमी पूर्ति, अमिश अग्रवाल, रविन्द्र घोष, नौशाद खान, बंटी अग्रवाल, राम तमसोय एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जमशेदपुर मे गर्मी चरम पर,कुम्हारों द्वारा बनाये गए देशी फ्रिज खूब हो रही है बिक्री



राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर मे गर्मी चरम पर है, तो वंही कुम्हारों द्वारा बनाये गए देशी फ्रिज यानी मिट्टी के घड़े, सुराही और मिट्टी के बर्तन की बिक्री भी खूब हो रही है, लोग मिट्टी से बने घड़े सुराही और मिट्टी के बर्तन खरीद रहें है, साथ ही मिट्टी के बने सुराही लोगों के बिच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, लोग मिट्टी के बने वाटर बोतल की खरीदारी कर रहें है, वंही लोगों का कहना है कि मिट्टी से बने बर्तन मे पानी पिने से किसी प्रकार की बिमारी भी नहीं होती है, कुम्हार के हाथो द्वारा बनाए गए अलग-अलग डिजाइन के सुरई, वॉटर बोतल, मॉडल मिट्टी के सुरई लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, गर्मी बढ़ते ही मिट्टी से बने देसी फ्रिज की बिक्री बढ़ गई है, जहां इस बार लोग इसकी जमकर खरीदारी कर रहे हैं तो वहीं कुम्हार की कमाई भी बढ़ गई है, प्रधानमंत्री द्वारा मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने की अपील का असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है

### खापरसाई में ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क के बीचोबीच टेंट लगाकर किया प्रदर्शन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पोटका।** पोटका थाना क्षेत्र के टाटा- हाता मुख्य पथ के पावरु से शाह स्पंज एंड पावर लिमिटेड में जाने वाली मुख्य सड़क को ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग लेकर शनिवार को जाम कर दिया । ग्रामीणों ने मौके पर खपरसाई में खाता नंबर 160 एवं प्लॉट नंबर 62 में टेंट लगाकर लगाकर प्रदर्शन भी किया। सूचना पाकर पोटका थाना प्रभारी मनोज कुमार मुर्मू सदलबल मौके पर पहुंचे एवं सड़क जाम हटाने के लिए वार्ता किया। ग्रामीण रैयतदार कविता सरदार एवं अंगद सरदार ने कहा कि प्लॉट नंबर 62 खाता, नंबर 160 में कुल रकवा 7 डिसमिल जमीन हमलोगों का सड़क पर चला गया है। इस जमीन के मुआवजा को लेकर कंपनी प्रबंधन से वार्ता विफल होने के बाद हम सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे हैं, ताकि हमें मुआवजा मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि हम जमीन नहीं बेचना चाहते हैं। हमें इसके बदले में कंपनी को मुआवजा देना होगा। वही मुआवजा की मांग को लेकर लगभग 6 घंटा सड़क पर बैठे। इसके कारण कंपनी से आने-जाने वाले ट्रैकों की लंबी लाइन लग गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक मुआवजा नहीं दिया जाता है, तब तक हम इस सड़क पर वाहनों को चलने नहीं देंगे।

### रक्तचाप दिवस पर सिविल सर्जन ने उच्च रक्तचाप के लक्षण एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन की अध्यक्षता में सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के दौरान सिविल सर्जन ने उच्च रक्तचाप के लक्षण एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने रोग की रोकथाम के लिए शीघ्र पहचान, संतुलित आहार, नियमित जांच एवं स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर बल दिया।

एसीएमओ ने भी रोग के महत्व एवं बचाव पर जोर दिया। उन्होंने व्यायाम एवं योग के महत्व के बारे में बताया।

जिला कुष्ठ पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, एनसीडी सेल ने भी सभा को संबोधित किया तथा उच्च रक्तचाप एवं जन जागरूकता एवं समय पर उपचार के महत्व के बारे में बहुमूल्य जानकारी साझा की। सत्र में डीएच एवं सिविल सर्जन कार्यालय के डॉक्टर, कर्मचारी उपस्थित थे।

## संपादक की कलम से

# चेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया के खिलाफ एक्शन के मायने

**देवानंद सिंह**




भारत में विमानन सुरक्षा नियामक संस्था ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) द्वारा तुर्की की एयरपोर्ट ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी चेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाने का निर्णय सिर्फ एक प्रशासनिक कार्रवाई भर नहीं है। यह कदम एक व्यापक भू-राजनीतिक और राष्ट्रीय सुरक्षा संदर्भ में उठाया गया प्रतीत होता है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय कूटनीति, विदेशी निवेश, रणनीतिक अवसंरचना और वाणिज्यिक हितों के बीच एक जटिल संतुलन देखने को मिलता है।

दरअसल, चेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया स्वयं को एक स्वतंत्र भारतीय इकाई बताती है, पिछले 15 वर्षों से भारत के नौ प्रमुख हवाई अड्डों-दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद, गोवा, चेन्नई, कोचीन और कन्नूर-पर ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो सेवाएं प्रदान कर रही थी। इस कंपनी की भूमिका दिल्ली में हुए जी-20 सम्मेलन जैसे उच्चस्तरीय आयोजनों में भी अहम रही है। कंपनी का दावा है कि उसके पास भारत में 7,800 कर्मचारी हैं और वह अब तक 58,000 उड़ानों की हैंडलिंग और 5.5 लाख टन से अधिक कार्गो प्रबंधन कर चुकी है, लेकिन 16 मई 2025 को नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो ने चेलेबी की सुरक्षा मंजूरी यह कहते हुए रद्द कर दी कि यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा हित में लिया गया है। इसके पीछे प्रत्यक्ष कारण नहीं बताया गया, परंतु पृष्ठभूमि में चल रही घटनाएं इस कार्रवाई की व्याख्या कर सकती हैं।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। इसके बाद सात मई को भारत ने पाकिस्तान में सीमापार हवाई हमले किए। इस कार्रवाई की आलोचना करते हुए तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोआन ने पाकिस्तान के प्रति समर्थन जताया और भारत की कार्रवाई की निंदा की। तुर्की की यह प्रतिक्रिया न केवल कूटनीतिक रूप से अप्रिय थी, बल्कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को यह जांचने पर विवश कर गई कि भारत में कार्यरत तुर्की से जुड़ी कंपनियों की संरचना और संचालन किस प्रकार राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं। इस संदर्भ में एक और चिंता की बात सामने आई, जब भारत ने दावा किया कि पाकिस्तान की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में तुर्की के 'एसिसगॉर्ड सोनगार' ड्रोन का उपयोग किया गया। भारत के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता कर्नल सोफि या कुरैशी ने पुष्टि की कि प्रारंभिक फॉरेंसिक जांच में इन ड्रोन के मलबे में तुर्की तकनीक के संकेत मिले हैं। ऐसे में तुर्की की कंपनियों को भारत के सामरिक और संवेदनशील क्षेत्रों में संचालन करने देना कितना उचित है, यह बहस छिड़ना स्वाभाविक था।

चेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया का कहना है कि वह एक भारतीय कंपनी है, जो भारतीय कानूनों के तहत पंजीकृत है और उसका नेतृत्व भारतीय पेशेवरों के हाथ में है। कंपनी का दावा है कि उसकी 65% हिस्सेदारी अमेरिका, कनाडा, सिंगापुर, यूएई, ब्रिटेन और पश्चिमी यूरोप के निवेशकों के पास है। तुर्की से इसका संबंध केवल संस्थापक सेलेबियोग्लू परिवार के दो सदस्यों (कैन और कैनान) के पास कुल 35% हिस्सेदारी तक सीमित है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका संचालन पारदर्शिता और कॉर्पोरेट तटस्थता के सिद्धांतों पर आधारित है और वह किसी विदेशी सरकार या राजनीतिक एजेंडे से जुड़ी नहीं है, लेकिन सरकार की नजर में महज स्वामित्व के आंकड़े ही पर्याप्त नहीं हैं। जब बात हवाई अड्डों जैसे रणनीतिक क्षेत्रों की हो, जहां वीवीआईपी मूवमेंट, अंतरराष्ट्रीय कार्गो, एविएशन डेटा और सामरिक सुरक्षा शामिल होती है, तब मामूली सी आंशका भी बड़ी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती बन सकती है।

भारत सरकार के फैसले के तुरंत बाद दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेटर DIAL ने चेलेबी के साथ अपने अनुबंध को समाप्त कर दिया और ग्राउंड हैंडलिंग एवं कार्गो टर्मिनल संचालन की जिम्मेदारी किसी अन्य सेवा प्रदाता को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इससे यह संकेत मिला कि यह निर्णय पहले से तय रणनीतिक कार्रवाई का हिस्सा था, जिसे परिस्थितियों के अनुसार समयबद्ध तरीके से लागू किया गया। इस घटनाक्रम ने एक बार फिर उस प्रश्न को सामने ला खड़ा किया है कि वैश्वीकरण की दौड़ में हम कितनी दूर तक राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर सकते हैं? विदेशी निवेश, तकनीकी दक्षता और वैश्विक साझेदारियाँ आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य हैं, लेकिन जब यही साझेदारियाँ किसी संभावित शत्रु देश से परोक्ष या अपरोक्ष रूप से जुड़ी हों, तब उनका मूल्यांकन एक नए दृष्टिकोण से किया जाना जरूरी हो जाता है। यहां ध्यान देने योग्य है कि चेलेबी न केवल तुर्की में पंजीकृत है, बल्कि यह तुर्की की पहली निजी ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी रही है। इसकी मातृ कंपनी 'एक्टेरा ग्रुप' तुर्की की सबसे बड़ी प्राइवेट इक्विटी फंड मानी जाती है। ऐसे में भारत सरकार का चिंतित होना स्वाभाविक है, विशेषकर तब जब दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध तनावपूर्ण होते जा रहे हों। चेलेबी द्वारा सुरक्षा मंजूरी रद्द किए जाने से कंपनी को निश्चित रूप से बड़ा झटका लगा है। भारत, तुर्की के बाद चेलेबी का दूसरा सबसे बड़ा एविएशन बाजार था। कंपनी ने अपने बयान में इस निर्णय को अप्रत्याशित बताते हुए सरकार के प्रति पारदर्शिता और सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराई है। लेकिन उद्योग के जानकार मानते हैं कि जब तक राजनीतिक और रणनीतिक स्पष्टता नहीं आती, तब तक चेलेबी जैसी कंपनियों के लिए भारत में पुनः प्रवेश करना कठिन होगा।

वहीं, भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए यह एक चुनौती भी है। ग्राउंड हैंडलिंग जैसी तकनीकी और लॉजिस्टिक सेवाएं उच्च गुणवत्ता और दक्षता की मांग करती हैं, जिसमें अभी भी कुछ विदेशी कंपनियों का प्रभुत्व है। ऐसे में, भारत को अब आत्मनिर्भरता के तहत अपने घरेलू सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षित और सशक्त करना होगा, ताकि ऐसी रिक्तियों को बिना परिचालन व्यवधान के भरा जा सके। चेलेबी मामले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब विदेशी निवेश के मामले में सतर्कता की नई नीति अपना रहा है, विशेषकर तब जब निवेशक देशों की विदेश नीति भारत के राष्ट्रीय हितों से टकराती हो। यह कदम एक संदेश भी है, राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और इसके समक्ष आर्थिक और व्यापारिक रिश्ते भी गौण हो सकते हैं, हालांकि इस पूरे घटनाक्रम में भारत को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वह अपने देश की कारोबारी विश्वसनीयता को आघात न पहुँचाए। विदेशी निवेशक यह न महसूस करें कि राजनीतिक घटनाओं के चलते नीतियाँ अचानक बदल सकती हैं। इसके लिए आवश्यक है कि सरकार ऐसे मामलों में स्पष्ट दिशा-निर्देश और नीति बनाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। अंततः यह घटना केवल एक कंपनी के संचालन तक सीमित नहीं, बल्कि यह वैश्वीकरण के युग में राष्ट्रवाद, सुरक्षा और संप्रभुता के बीच संतुलन साधने की भारत की रणनीतिक क्षमता का प्रतीक है। यदि इस संतुलन को बुद्धिमत्ता और दूरदृष्टि से साधा जाए, तो यह भविष्य में भारत के लिए एक नई सुरक्षा-संवेदनशील आर्थिक नीति की आधारशिला सिद्ध हो सकती है।

# दहेज का विरोध, पर मालदार की चाहत क्यों?

**डॉ सत्यवान सौरभ**



भारत में दहेज प्रथा एक ऐसा सामाजिक अभिशाप है जो आज भी गहरे तक जड़ें जमाए हुए है। दहेज लेना न सिर्फ एक अपराध है, बल्कि यह उस महिला के सम्मान का अपमान है जिसे एक बेटी, पत्नी और बहू के रूप में समाज में उच्च स्थान दिया जाता है। परंतु, यह प्रथा केवल पुरुषों के लालच तक सीमित नहीं है, बल्कि कई बार इसे बढ़ावा देने में खुद परिवार और समाज की सोच भी शामिल होती है।

दहेज के विरोध में बोलना एक बात है और अपने घर की बेटियों के लिए एकलौता मालदार दूल्हा ढूंढना दूसरी। यह विरोधाभास हमारी मानसिकता की गहरी खाई को उजागर करता है। हम एक ओर दहेज का विरोध करते हैं, पोस्ट लिखते हैं, नारे लगाते हैं, और दूसरी ओर जब अपनी बेटियों की शादी की बात आती है, तो संपन्न परिवार और मोटी तनख्वाह वाले लड़के की खोज में जुट जाते हैं। यह दोहरी सोच एक ऐसी सामाजिक बीमारी है जो हमें अपने मूल्यों से दूर कर रही है।

यह मानसिकता केवल दहेज तक सीमित नहीं है। यह हमारी सोच का एक व्यापक हिस्सा है जो समाज के हर पहलू में दिखाई देता है। उदाहरण के लिए, जब हम किसी लड़की के लिए लड़का देखते हैं, तो हम उसकी शिक्षा, विचारधारा, और चरित्र से अधिक उसकी आर्थिक स्थिति को महत्व देते हैं। यह सोच न केवल लड़कियों को वस्तु की तरह पेश करती है, बल्कि लड़कों पर भी आर्थिक दबाव डालती है कि वे एक 'आदर्श वर' बनने के लिए अपने कैरियर और कमाई पर अधिक ध्यान दें।

इस सोच का सबसे बड़ा उदाहरण तब देखने को मिलता है जब शादी के विज्ञापनों में 'अच्छे परिवार', 'सरकारी नौकरी', और 'खूब कमाने वाले लड़के' की मांग की जाती है। यह केवल एक आर्थिक सुरक्षा की मांग नहीं है, बल्कि एक गहरी मानसिकता का परिचायक है, जो यह मानती है कि लड़की को खुश रखने के लिए धन ही सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। यह न केवल विवाह को एक व्यापार बना देता है, बल्कि एक सच्चे रिश्ते की नींव को भी कमजोर करता है।

ऐसी स्थिति में सवाल यह उठता है कि क्या हम सच में इतने असुरक्षित हैं कि हमें अपनी बेटियों की खुशियों के लिए एक मात्र आर्थिक स्थिरता की जरूरत है? क्या हमें यह समझने में अब भी देरी है कि एक अच्छे इंसान का मोल उसके चरित्र, विचार और व्यवहार से आंका जाना चाहिए, न कि उसकी जेब की गहराई से?

इस मानसिकता से बाहर निकलना जरूरी है। यह तब ही संभव है जब हम अपने बेटों को यह सिखाएं कि उनकी कीमत उनके चरित्र से है, न कि उनके वेतन से। हमें अपनी बेटियों को यह सिखाना होगा कि उनका मूल्य उनकी खुद की पहचान से है, न कि किसी के नाम के साथ जुड़ने से।

इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। हमें अपने समाज में इस दोहरे मापदंड को समाप्त करना होगा और ऐसी पीढ़ी का निर्माण करना होगा जो सच्चे अर्थों में समानता और सम्मान का अर्थ समझे।

हमारे समाज में दहेज की परंपरा का इतना गहरा प्रभाव है कि लोग इसे सम्मान का प्रतीक मानते हैं। कई बार तो इसे शान और प्रतिष्ठा की बात समझा जाता है, और जो इसे नहीं मानता, उसे समाज में कमतर माना जाता है। यह सोच केवल बेटियों को नहीं, बल्कि पूरे समाज को कमजोर करती है। यह परिवारों को कर्ज में डुबोती है, रिश्तों में दरारें डालती है और समाज की नींव को हिला देती है। दहेज के खिलाफ लड़ाई तब ही सफल होगी जब हम इस समस्या को केवल कानून से नहीं, बल्कि अपनी मानसिकता से भी मिटाएंगे। हमें ऐसे समाज का निर्माण करना होगा जहां लड़कियों की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

इसके अलावा, हमें अपने बेटों को यह सिखाना होगा कि वे अपने जीवनसाथी का चयन केवल उनकी योग्यता, चरित्र और विचारधारा के आधार पर करें, न कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को देख कर। यह बदलाव केवल एक व्यक्ति की सोच से नहीं, बल्कि पूरे समाज की सोच में बदलाव लाने से संभव है।

समय आ गया है कि हम दहेज की इस बिमारी को जड़ से उखाड़ फेंके और एक ऐसे समाज की नींव रखें जहां विवाह एक समान और सम्मानजनक बंधन हो, न कि आर्थिक सौदेबाजी का माध्यम। हमें यह समझना होगा कि शादी एक पवित्र संबंध है, न कि व्यापार।

सिर्फ कानून बनाना ही काफी नहीं है। हमें अपने विचारों, परंपराओं और सोच में बदलाव लाना होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे घरों में बेटियों और बेटों को समान रूप से महत्व दिया जाए। हमें अपने बेटों को यह सिखाना होगा कि वे अपने जीवनसाथी का सम्मान करें, उन्हें एक समान साथी मानें, न कि एक वस्तु के रूप में।सच्चे बदलाव की शुरूआत हमारे घरों से होनी चाहिए। जब हम अपने बेटों को यह सिखाएंगे कि वे किसी के साथ सिर्फ उसके चरित्र और विचारधारा के आधार पर जुड़ें, तभी समाज से दहेज की इस बुराई को मिटाया जा सकेगा। हमें यह याद रखना चाहिए कि बेटियां किसी के लिए बोझ नहीं, बल्कि एक आशीर्वाद हैं।

**मालदार दूल्हा ढूंढने वालों, खुद से भी सवाल करो!**

दहेज लेने वालो के मुंह पे थूकने से फुर्सत मिल गई हो तो थोड़ा एकलौता मालदार लड़का ढूंढने वालो के मुंह पे भी थूक दो। यह दोहरी सोच ही हमारे समाज का असली चेहरा है,

जहां दहेज का विरोध सिर्फ भाषणों तक सीमित है, पर बेटियों की शादी में बड़ा बैंक बैलेंस और सरकारी नौकरी ही मापदंड बन जाते हैं। अगर बदलाव सच में चाहिए, तो यह दोहरापन भी मिटाना होगा। शादी रिश्तों का बंधन है, सौदेबाजी का खेल नहीं। सिर्फ दिखावा छोड़ो, सोच बदलो।

सिर्फ नारे नहीं, असल बदलाव चाहिए।

# आगे की सोचने की आवश्यकता

**प्रोफेसर (डा) के पी शर्मा**



युग ,समय, परिवर्तन शील होता है। हिन्दु शास्त्र और इतिहास कार भी युग और उसकी विशेषताओं तथा उसमें हुए परिवर्तन को बताया है।

सभी युगों का मैं यहां वर्णन नहीं करता हूं लेकिन लेकिन इतना अवश्य कहता हूं कि यह युग के परिवर्तन का ट्रांजिसन का काल है ऐसे काल में बड़े युद्ध भी हुए हैं, यही काल महाभारत का काल था। अभी जिस काल में हम रह रहे हैं उसके संबंध में हीगेल और मार्क्स का मानना है कि World Spiritका निवास यूरोप और पश्चिमी उपनिवेशवादी शक्तियां के पास था, इसके अंदर अमेरिका भी है,वह भी पश्चिमी विश्व है।

युग परिवर्तन World Spirit का निवास स्थान बदल रहा है वह अब यूरोप से एशिया में प्रवेश कर गया है, यूरोप में पहला कोलैप्स सोवियत संघ का हुआ उसका घर तास के पत्ते के समान बिखर गया, दूसरा कोलैप्स अमेरिका, नाटो तथा कथित औपनिवेशिक शक्तियों का हो रहा है लेकिन ये शक्तियां सहजता के साथ स्वीकार करने को तैयार नहीं है वह इस परिवर्तन को लहूलुहान करने पर आमादा है उन्होंने पाकिस्तान का निर्माण ही इसी उद्देश्य की पूर्ति केलिए किया था जो 78 वर्षों से लगातार पश्चिमी शक्तियों का ऐजेंट बनकर काम कर रहा है।

अमेरिका की छटपटाहट तो हम समझ ही रहे हैं लेकिन ऐशियाई महाशक्ति चीन भी आश्चर्यजनक रूप में अमेरिका के साथ नजर आता है यह स्वाभाविक है कि चीन के उत्थान के पिछे अमेरिका है और पाकिस्तान के पतन के पिछे चीन और अमेरिका दोनों है।

अभी अंतरराष्ट्रीय राजनीति आपको जटिल लग रहा होगा यह वास्तव में ट्रांजिसन के समय जो अस्पष्टता होता है उसके कारण है लेकिन कुछ ही दिन में स्पष्ट हो जायेगा।

यह ट्रांजिसन का काल भारत केलिए सबसे ज्यादा कठीन और संकट का काल है क्योंकि ऐशिया को विश्व शक्ति के ट्रांजिसन से रोकना पश्चिमी शक्तियों का उद्देश्य है वे सभी ऐक जूट है लेकिन उनका ऐजेंट पाकिस्तान उनके उद्देश्यों को पुरा करने में सक्षम नहीं है, इसलिए वे चाहते हैं कि चीन और भारत में युद्ध हो और यूरोप से एशिया को शक्ति ट्रांसफर रुक जाय क्वाड आदि संगठनों, मिली ट्री वेसेज का निर्माण इसी नीति के तहत है।

भारत क्वाड का सजग सदस्य हैं वह ऐजेंट बनकर काम नहीं कर सकता है, अमेरिका का मक़्सद पुरा नही होने से वह नाराज है।

चीन कि नीति भारत के साथ ऐशियाई नेतृत्व की लड़ाई है जो असंलगन आंदोलन और सम्मेलन के समय से चल रहा है उससे आगे बढ़कर भारत के विरुद्ध वफर राज्य तिब्बत पर 1959 में तथा 1962 में सीधाभारत पर आक्रमण, फिर डोकलाम में आक्रमण कर भारत को कमजोर राष्ट्र और अपने को एशिया का नेता होने की मंशा चीन ने स्पष्ट कर दिया है।

भारत पाकिस्तान,चीन, यूरोपीय संघ, अमेरिका के संयुक्त शक्ति के विरोध का शिकार हो रहा है।

अप्रैल,मई 2025 की घटना 2024 का बंगला देश की घटना से जुड़ा हुआ है यह अमेरिका, चीन, यूरोप के भारत के विरुद्ध षड्यंत्र है और पाकिस्तान ऐक मुखौटा और ऐजेंट है।

भारत को ऐसी स्थिति का सामना बुद्धिमानी और बहादुरी से करने की आवश्यकता है, लंबे युद्ध में भी नहीं फंसना और हम कमजोर है यह भी नहीं बताना है।

संयोग है कि देश का नेतृत्व ताकतवर है जिसने मेक इन इण्डिया के नीति के तहत भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।इसका फायदा 4 दिनों के युद्ध में जमीन, आसमान, पानी, अंतरिक्ष में अपनी सर्वोच्चता, पश्चिमी और चीनी हथियारों के विरुद्ध सर्वोच्चता साबित कर अणु आयुद्धों के ब्लैकमेलिंग को भी समाप्त कर दिया। आंतकवादी गढ़ों को ध्वस्त किया और आंतकवाद के विरुद्ध सीमित उद्देश्य को प्राप्त कर लिया है।

भारत ने अपना उद्देश्य चार दिनों में प्राप्त कर लिया लेकिन पश्चिमी और चीनी उद्देश्य पुरा नही हुआ वे भारत को लम्बे पूर्ण युद्ध में फंसा कर भारत को बर्बाद करना चाहते थे, इसके आर्थिक और सैनिक शक्ति बनने पर हमेशा के लिए रोक चाहते थे।

भारत में आंतरिक रूप में सत्ता के खेल के खिलाड़ी भी मोदी को कमजोर देखने के षड्यंत्र में भी लगे हैं एवं वे मोदी को युद्ध में नहीं फंसा सके तो कमजोर मोदी कहने लगे हैं।

मोदी जी को दो जबरदस्त कार्य करने पड़ेंगे भारत को और ताकतवर,मेक इन इंडिया के तहत करना, पड़ेगा और फी अह्नत्रृल्लेील्ल३ का काम करना पड़ेगा, युद्ध में प्राप्त अनुभव के आधार पर विदेश नीति में भी बदलाव सुधार करना पड़ेगा।

घरेलू स्तर पर गैर जिम्मेदार विपक्ष का भी सामना करना पड़ेगा।

युद्ध के परिणाम विश्व में भारत के प्रभाव पैदा करने बाला है एशिया का नेतृत्व चीन के हाथ से छीन सकता है, पश्चिमी शक्तियों से त्रस्त ऐशिया, आफ्रीका के देश भारत का नेतृत्व मान सकते हैं, जापान का भारत के प्रति विश्वास बढ़ सकता है और हम नये विश्वशक्तियों के ध्रुवीकरण के केन्द्र वन सकते हैं।

भारतीय शस्त्रों भारतीय युद्धकौशल और सेना पर विश्वास विश्व के देशों का बढा है, भारतीय शस्त्र उद्योग पर भरोसा, भारतीय वैज्ञानिक पर विश्व का भरोसा बढ़ा है।

इस युद्ध को हम भारत के टेस्ट का अवसर मानें तो भारत विजेता रहा है, पश्चिमी और चीनी शस्त्रों की हार हुई है,मेक इन इंडिया जीता है।

अणु अस्त्रों की ब्लैकमेलिंग और अणु अस्त्र पर हम विजय हुए हैं। सीमित युद्ध लड़कर हम दोस्त दुश्मन को पहचान गए हैं।

हमें अपने वैज्ञानिकों, सैनिकों, युद्ध नीति पर भरोसा बढ़ा है इन्होंने दुनिया में भारत की महानता स्थापित किया है।

भारत घरेलू रुप में न केवल शांत रहा वल्कि ऐसा समर्थन दिया कि उसका गुस्सा शत्रुओं के विरुद्ध शांत करना हमारे नेतृत्व केलिए समस्या है।

मोदी ताकतवर नेता ही नहीं बुद्धिमान नेता के रूप में उभरे हैं जो षड्यंत्र से अपने और देश को बाहर लाया तथा युद्ध भी लड़ा और थोड़े समय में विजेता का कीर्तिमान भी बनाया, युद्ध हीरो नहीं बनकर देश के सेना वैज्ञानिकों को विश्व में हीरो बना दिया है।

हमें अनुभवों का अपार भंडार मिला, सीमित युद्ध, अणु खतरा का सामना,माडर्न युद्ध, अंतरिक्ष से कमांड के युद्ध का अनुभव, अपने अजेय अस्त्रों के परिणाम का असर प्राप्त हुआ है।

यह बात भी अनुभव में आया की लम्बाई, चौड़ाई में कम फैले देश का सामना युद्धक विमान के स्थान पर मिसाइल से कर सकते हैं।

हमें,यह भी पता लगा की लम्बे युद्ध और बड़ी शक्तियों से युद्ध केलिए हमें क्या करने है।मेक इन इंडिया को और बढ़ावा देना है ज्यादा अनुदान देना है।

अंतरराष्ट्रीय संगठन पश्चिमी शक्तियों के हाथों में कठपुतली है उसका दुरुपयोग अमेरिका भारत के विरुद्ध करता है।

अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को पश्चिम शक्तियों के चंगुल से निकालना पड़ेगा या नये संगठन बनाने पड़ेंगे। ग्लोबल साउथ को संगठित विकसित करने की जिम्मेवारी भारत को लेनी पड़ेगी।

भारत सैनिक शक्ति बने इसके लिए भारत को आर्थिक शक्ति बनाने की जिम्मेवारी देश की जनता, वैज्ञानिक और नेताओं की है।

निष्कर्ष के रूप में हम कह सकते हैं कि छोटे युद्ध से हमें जितनी, उपलब्धि, जानकारी, अपने सामानों के टेस्ट का फायदा कभी नहीं भूलने वाली उपलब्धि है।

# डा सुधा नन्द झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत मिथिला दैनिक राशिफल

**डा सुधा नन्द झा**






**मेष :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-4-6-7

**वृष :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क :** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5

**सिंह :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**तुला :** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

**धनु :** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ? में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8

**मकर :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-1-4-6

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# जंगली हाथी का तांडव: लखिन्द्र टुडू पर हमला, सूंड से पटक कर किया घायल, हालत गंभीर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### कुत्तों की भौंक से बची जान, एमजीएम अस्पताल में भर्ती

**चांडिल** नीमडीह प्रखंड के पांडकिडीह गांव में शुक्रवार की रात जंगली हाथियों का तांडव, जब दो जंगली हाथियों ने गांव में घुसकर उत्पात मचा दिया। रात करीब 2 बजे लगभग बजे शौच के लिए निकले लखिन्द्र टुडू पर हाथी ने अचानक हमला कर दिया। हाथी ने लखिन्द्र को अपनी सूंड से उठाकर जोरदार तरीके से जमीन पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गांव में दो जंगली हाथियों ने दस्तक दी थी।

एक हाथी कटहल और आम के पेड़ों पर टूट पड़ा, जबकि दूसरा भोजन की तलाश में गांव के घरों की ओर बढ़ गया। इसी दौरान



लखिन्द्र टुडू का हाथी से आमना-सामना हो गया। हाथी ने लखिन्द्र को अपनी सूंड में जकड़ लिया। इसी बीच आसपास मौजूद कुत्तों के झुंड ने जोर-जोर से भौंकना शुरू कर दिया, जिससे हाथी का ध्यान भंग हुआ और उसने लखिन्द्र को फेंक दिया।

घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। परिजन तुरंत लखिन्द्र को लेकर नीमडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे एंबुलेंस से जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गांव के लोगों में घटना को लेकर भय और आक्रोश दोनों है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा और निगरानी की मांग की है ताकि जंगली हाथियों के हमलों को रोका जा सके।

वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची ओर पीड़ित के परिजनों को वनपाल राणा ने 10 हजार रुपया इलाज के लिए दिए.

गांव में दहशत का माहौल, ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर।

# पटमदा में आम बागवानी को बाजार से जोड़ने की पहल, प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

मनरेगा योजना के तहत पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा प्रखंड में संचालित 'बिरसा हरित ग्राम योजना' के अंतर्गत विकसित आम बागवानी को बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से एक प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में आम उत्पादकों, सरकारी अधिकारियों, विपणन सचिव तथा एनजीओ प्रतिनिधियों की भागीदारी रही।

बीते कुछ वर्षों में जिले के विभिन्न प्रखंडों में मनरेगा के माध्यम से बड़े पैमाने पर आम की फलोत्पादन योजनाओं का क्रियान्वयन हुआ है। इसके फलस्वरूप क्षेत्र में आम का उत्पादन उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि की संभावनाएं भी प्रबल हुई हैं। अब आवश्यकता इस बात की है कि इन उत्पादों को उचित बाजार उपलब्ध कराया जाए,



ताकि किसानों को उनकी उपज का न्यायसंगत मूल्य मिल सके।

सम्मेलन में उपस्थित अपर उपायुक्त श्री भगीरथ प्रसाद, पटमदा के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, तथा विभिन्न एनजीओ प्रतिनिधियों ने आम विपणन को लेकर विचार-विमर्श किया। इसमें स्थानीय स्तर पर संग्रहण, ग्रेडिंग, ब्रांडिंग, मूल्य संवर्धन और निर्यात की संभावनाओं पर विशेष चर्चा हुई।

ऑल सीजन फार्म फ्रेश के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि पटमदा में उत्पादित आम का सैंपल कोलकाता स्थित लैब भेजा जा रहा है, जिसकी गुणवत्ता रिपोर्ट के आधार पर इसे विदेशों में निर्यात करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। वहीं, श्री सारन्या और Intet to Solution जैसे निजी साझेदारों ने 5 एकड़ क्षेत्रफल में उत्पादित आम की संपूर्ण फसल को खरीदने और किसानों को उचित मूल्य देने का आश्वासन दिया।

इस पहल को आम बागवानी को स्थायी आजीविका विकल्प के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि कृषि आधारित योजनाओं को बाजार से जोड़कर किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लक्ष्य की ओर ठोस प्रगति की जाए।

# आदिवासी समुदाय के लिए केंद्र सरकार द्वारा पूर्णतया वित्त पोषित कुल 17 बहुउद्देश्यीय भवन की स्वीकृति: सांसद विद्युत वरण महतो

राष्ट्र संवाद संवाददाता



सांसद विद्युत वरण महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पीएम जनमन योजना के तहत पी वी टी जी अर्थात विशेष रूप से संरक्षित आदिवासी समुदाय के लिए केंद्र सरकार द्वारा पूर्णतया वित्त पोषित कुल 17 बहुउद्देश्यीय भवन(एम.पी.सी.) की स्वीकृति प्रदान की गई है । विशेष रूप से दुर्लभ जनजातियों को संरक्षित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने विशेष रूप से इसे स्वीकृत किया है। इसके तहत बहुउद्देश्यीय केंद्र/भवन पोटका प्रखंड के झरिया और टांगराईन, गुड़ाबांदा के अर्जुन बेड़ा, घाटशिला के दीघा, बासाडेरा, रामचंद्रपुर, घुटिया, दारीसाई,गुड़ाजोर, चेंगजोड़ा और हलुदबनी, मुसाबनी के सोहदा, लोकेसरा, पाथरगोड़ा,डुमरिया के चटनीपानी, केंदुआ एवं लखाईडीह में निर्माण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि विगत सत्र के दौरान सांसद श्री महतो ने पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत निवास करनेवाले पी वी टी जी जनजातियों को समाज के मुख्यधारा में जोड़ने के लिए विभागीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर आग्रह किया था।

इसी तरह सांसद बिद्युत बरण महतो के विशेष अनुशंसा पर पीएम जनमन योजना के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला को पीवीटीजी गांव के लिए केंद्र सरकार के द्वारा वित्त पोषित 8 नई सड़कों की सौगात मिली है ।सांसद श्री महतो ने कहा कि ये सड़कें इन दुर्लभ जनजातियों के लिए जीवन रेखा साबित होगी ।इनमें मुख्य रूप से चाकुलिया प्रखंड के अंतर्गत 1.कांटाबनी बीटी रोड से डोमारो तक डुमरिया प्रखंड अंतर्गत 2.पी डब्ल्यू डी रोड पाटडांगा से मांडा तक एवं भोमरापानी से भीतराआमदा तक हातनाबेड़ा से जंगल ब्लॉक तक मुसाबनी प्रखंड अंतर्गत.दिगड़ीमोड कोपटा रोड से कुलाभादा तक पटमदा प्रखंड अंतर्गत .बोंटा माधोपुर आर सी डी रोड चिमटी से चिमटी पहाड़िया टोला तक एवं .जमारडीह पीएमजीएसवाई रोड से झुन्झका तक एवं पोटका प्रखंड अंतर्गत . सुंदरनगर जादूगोड़ा पी डब्ल्यू डी रोड से झरिया तक कुल लंबाई 31.95 किलोमीटर की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# 2 करोड़ 60 लाख की लागत से तेतला-बड़ा बांदुआ के बीच बनेगा पुल, ग्रामीणों की दशकों पुरानी मांग हुई पूरी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### विकास की रौशनी पोटका के हर गाँव तक पहुँचाना मेरा संकल्प : विधायक संजीव सरदार

मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पोटका प्रखंड के तेतला और बड़ा बांदुआ गांव के बीच बहने वाली नदी पर 2 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का विधिवत शिलान्यास शनिवार को विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों की भारी भीड़ के बीच किया।

**ऐतिहासिक पल बना गांव के लिए जश्न का मौका, आजादी के बाद मिला पुल का सौगात**

इस पुल की मांग ग्रामीणों द्वारा आजादी के बाद से ही की जा रही थी। बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने से लोगों को



आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कभी-कभी तो गांव पूरी तरह से बाकी क्षेत्रों से कट जाता था। अब पुल बनने से दोनों पंचायतों के हजारों लोगों को राहत मिलेगी। पुल के शिलान्यास के अवसर पर तेतला एवं जुड़ी पंचायत के ग्रामीणों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विधायक का जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने इस क्षण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह पहली बार है जब किसी जनप्रतिनिधि ने इस दिशा में ठोस पहल की है।

**हर गांव में पहुंच रही अबुआ सरकार की विकास योजनाएं झ्र संजीव सरदार**

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक संजीव सरदार ने कहा, ह्यमेरा प्रयास है कि पोटका विधानसभा के सभी गांवों में विकास की रौशनी पहुंचे। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली अबुआ सरकार द्वारा मेरी अनुशंसा पर अब तक 60 से अधिक सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मती की योजनाएं स्वीकृत हुई हैं। इसके अलावा दर्जनों पुल-पुलियों के निर्माण को भी मंजूरी मिली है, जिससे हर गांव मुख्य सड़क से जुड़ सके।ह्व

इस शिलान्यास के अवसर पर कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित थे जिनमें मुखिया अमृत माझी, सांसद प्रतिनिधि यशवंत महतो, ग्रामप्रधान श्यामचरण सरदार, शत्रुघ्न सरदार, पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, सुनील महतो, बबलू चौधरी, सुधीर सोरेन, जगदीश माझी, भुताड़ मुर्मू, दासों टुडू, पंकज पाल, अर्धेंदु गोप, सोनाराम मुर्मू, प्रदीप सरदार, रविन्द्र सरदार, सत्यनारायण सरदार, रमेश महतो, भुवनेश्वर सरदार, भोगलु टुडू, विधासागर दास, बिरेन पात्र एवं चक्रधर महतो शामिल थे।

# नारवा सुंदर नगर की मुख्य सड़क पर बंधन बैंक की नई शाखा शुरू

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा.** नारवा सुंदर नगर की मुख्य सड़क पर बंधन बैंक की नई शाखा शुरू हुई है। बैंक सड़क के बिल्कुल किनारे खोला गया है। पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। ग्राहक अपनी गाड़ियां सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं। इससे रोजाना राहगीरों को परेशानी होती है। पैदल चलने वालों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

प्रशासन ने कई बार चेतावनी दी। इसके बावजूद बैंक प्रबंधन ने पार्किंग की व्यवस्था नहीं की। भाजपा नेता विक्रम सिंह ने कहा कि बैंक प्रबंधन को तुरंत पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए। यह मुख्य सड़क है। यहां रोजाना सैकड़ों गाड़ियां गुजरती हैं। बैंक के बाहर ग्राहकों की भीड़ और गाड़ियों की वजह से सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है। उन्होंने कहा कि इस पर तुरंत



कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि हादसे न हों।

वही बैंक के खाताधारक शरद शर्मा ने बताया कि जीरो बैलेंस में खाता खोला गया इसके बाद अपग्रेड करने के लिए कई बार बैंक के चक्कर लगाना पड़ा लेकिन अपग्रेड नहीं किया है बैंक प्रबंधन के द्वारा ग्राहकों के साथ सहयोग का व्यवहार नहीं किया जाता है परेशान किया जाता है।

बैंक के सुरक्षा का भी दरकिनार किया जाता है बैंक में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद नहीं है

# खूबसूरत यूसीएल कॉलोनी की हुआ बद से बदतर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### ठेकेदार की लापरवाही से जगह-जगह कूड़ा

**जादूगोड़ा.** यूसीएल कॉलोनी की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। कभी यह कॉलोनी अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती थी। अब गंदगी और बदहाली के लिए चर्चा में है। यूसीएल प्रबंधन हर साल करोड़ों रुपए का टेंडर सफाई के लिए देता है। इसके बावजूद कॉलोनी में सफाई नहीं हो रही है। ठेकेदार की लापरवाही से जगह-जगह कूड़ा फैला है। डस्टबिन कचरे से भरे हैं। गंदगी बाहर तक फैल चुकी है। इससे मच्छर और कीड़े-मकोड़ों का प्रकोप बढ़ गया है।

सफाई की जिम्मेदारी मनोरंजन



नामक ठेकेदार को दी गई है। जब से उसे यह काम मिला है, कॉलोनी की हालत और बिगड़ गई है। नालियां जाम हैं। बरसात में डस्टबिन से गंदा पानी बहता है। बदबू से लोग परेशान हैं। यूसीएल के कई अधिकारी रोज सुबह वॉक पर निकलते हैं। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती।

यूसीएल के संपदा विभाग की कार्यशैली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। अधिकारियों को हर महीने लाखों रुपए वेतन दिया जाता है। फिर भी कॉलोनी की हालत सुधर नहीं रही है। क्वार्टर जर्जर हो चुके हैं। सिविल का काम घटिया हो रहा है। सेफ्टी टैंक टूट गए हैं। गंदा पानी सड़कों पर बहता है। इससे लोग बीमार हो रहे हैं। पहले ही डेंगू से दो शिक्षकों की मौत हो चुकी है। सड़क पर ही गंदगी बिक्री हुई रहती है जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है।

संयुक्त यूनियन के नेताओं ने कई बार कॉलोनी की सफाई और जर्जर क्वार्टर का मुद्दा उठाया है। फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यूसीएल सीएमडी के लिए कॉलोनी को फिर से सुंदर बनाना बड़ी चुनौती बन गया है।

संपदा विभाग में 20 साल से टिके हुए अधिकारी दिलीप कुमार मंडल के कार्यशाली पर सवाल खड़े होने के कारण कई बार इन्हें हटाने की मांग भी हो चुकी है

# डेंगसरगी एवं नवादा में विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास ग्रामीणों में हर्ष

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**कोल्हाम/बंदगांव-** प्रखंड के लान्डुपोदा पंचायत के डेंगसरगी गांव में सरकारी तालाब से कांडे हेम्ब्रम के घर तक 12 सौ मीटर एवं भालुपानी पंचायत के उदयनारायणपुर प्राथमिक विद्यालय से भालियाडीह सीमा तक साढ़े तीन किलोमीटर सड़क का शनिवार को विधायक सुखराम उरांव ने विधिवत रूप से शिलान्यास किया. इस मौके पर विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास तीव्र गति से किया जा रहा है.उन्होंने कहा बंदगांव प्रखंड में 6 मानकी मुंडा के लिये भवन बनाया जायेगा जहां मानकी मुंडा क्षेत्र के



विकास एवं ग्रामीणों की समस्या का निदान को लेकर बैठक कर सकेंगे. उन्होंने कहा क्षेत्र की समस्या को लेकर ग्रामीणों की मांग को प्राथमिकता दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बंदगांव प्रखंड में और कई योजनाओं का भूमि पूजन किया जाएगा. अब भी दर्जनों सड़कों तथा पुल पुलिया का निर्माण कराया जाएगा. जिससे इस क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन एवं मूलभूत सुविधा मिल सके. दोनों सड़क डिएमएफटी निधि से बनाया जा रहा है.सड़क का निर्माण कार्य प्रतीक कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है.इस मौके पर जीप सदस्य बसंती पूर्ति, विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई, मुखिया कुश पूर्ति,मंगल बोदरा,रंजीत मंडल ,शिव शंकर महतो,दुम्भी सुरीन,पहलवान महतो,महेश साहू,अमर बोदरा, संजय गागराई,सुबास कालन्दी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

# पूर्व पार्षद सिद्धनाथ सिंह के प्रयास से आदित्यपुर नगर निगम की ओर से नाले की सफाई कराई गई

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** सड़क निमार्ता कंपनी जेएआरडीसीएल द्वारा निर्मित नाला की सफाई नहीं कराए जाने के बाद अंततः पूर्व पार्षद सिद्धनाथ सिंह के प्रयास से आदित्यपुर नगर निगम की ओर से उक्त नाले की शनिवार को सफाई कराई गई। इस दौरान दुगार्पूजा मैदान से लाल बिल्डिंग चौक तक के पूरे नाली को ढक्कन हटाकर सफाई की गई। पूर्व पार्षद ने बताया कि इस नाला के जाम रहने से उसका गन्दा पानी सड़क पर बाह रहा था। बारिश होने पर दो फीट तक पानी सड़क पर जमा हो जाता था जिससे राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती थी। उक्त नाले की सफाई के लिए कई बार जेआरडीसीएल के अधिकारियों से मांग की गई। किन्तु, उनके द्वारा कोई पहल नहीं किए जाने के बाद नगर निगम के प्रशासक से अनुरोध किया गया। प्रशासक ने जनसमस्या के मद्देनजर उक्त अनुरोध पर शनिवार को अभियान चलाकर नाले की सफाई कराई गई। इसके लिए उन्होंने नगर निगम के प्रशासक व पूरी टीम को बधाई दिया है।

## सार-संक्षेप

### नवजात का शव मिलने से इलाके में सनसनी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**आदित्यपुरः** सरायकेला- खरसावां जिला के आदित्यपुर थाना अंतर्गत राम मड़ैया बस्ती न्यू पुलिया के समीप मृत अवस्था में एक नवजात का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बगैर पुलिस को सूचित किए शव को दफना दिया. सूत्रों की माने तो बीती रात आरआईटी क्षेत्र से एक लड़का- लड़की को स्थानीय लोगों ने भागकर आते देखा था. आशंका जताई जा रही है कि उक्त नवजात उन्ही का है, मगर इसपर किसी के पास कोई ठोस और पुख्ता प्रमाण नहीं है.

### माईकल जॉन ऑडिटोरियम में पूर्व सैनिकों के लिए सिविल डिफेंस ने प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर ।** पूर्व सैनिकों को सिविल डिफेंस से जोड़ने के लिए माईकल जॉन ऑडिटोरियम में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस मौके पर सेना विभाग के सेवा निवृत कर्नल किशोर सिंह के नेतृत्व में थल सेना , वायु सेना एवं नेवी सेना से रिटायर्ड, सैकड़ों पूर्व सैनिक इस सिविल डिफेंस के एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त की । इस दौरान सिविल डिफेंस के प्रधान सहायक सुरेश प्रसाद , चीफ वार्डेन अरुण कुमार एवं डिप्टी चीफ वार्डेन दया शंकर मिश्रा ने सिविल डिफेंस के गठन एवं उसके उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया और आगजनी, बाढ़,भूकंप आपदा विभीषिका आदि जैसे घटना घटित होने पर काबू कैसे पाया जाए,उसके बारे में गहन जानकारी दी गई । साथ ही युद्ध की स्थिति में कैसे सजग व सावधान रहें, और जन मानस को कैसे सुरक्षित रखा जाए । उसके बारे में विभिन्न पहलुओं पर अन्य वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला । वहीं मौके पर सेना विभाग के रिटायर्ड कर्नल किशोर सिंह ने सिविल डिफेंस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अब पूर्व सैनिक भी सिविल डिफेंस के साथ जुड़कर कंधे से कंधे मिलाकर काम करेगी । उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार जिले के सभी पूर्व सैनिक सिविल डिफेंस के स्वयं सेवक बनकर अपने देश सेवा के अनुभव के साथ सिविल डिफेंस के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे और भयावह स्थिति में भी कभी विचलित नहीं होंगे, क्योंकि जनमानस की सुरक्षा और राष्ट्र सेवा हम सभी का मुख्य मकसद है ।

### भारतीय फौज के ऑपरेशन सिंदूर के समर्पण में शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने निकली तिरंगा यात्रा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा :**.पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय फौज द्वारा पाकिस्तान में किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देशभर में भारतीय फौज के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।इसी कड़ी में आज शनिवार को जादूगोड़ा के धर्मडीह स्थित शेफर्ड इंग्लिश मीडियम की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई ,जिसमें स्कूली बच्चों व शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया।जिसकी अगुवाई स्कूल के संस्थापक मुद्रिका शर्मा ने की। यह तिरंगा यात्रा शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल से शुरू होकर यूसिल कॉलोनी, गांधी मार्केट समेत क्षेत्र के आस पास के क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा भ्रमण कर वापस स्कूल में सभा में तब्दील हो गई ।इस मौके पर हजारों की संख्या में स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लिए राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत देश भक्ति के नारे लगाते चल रहे थे। इस तिरंगा यात्रा में स्कूल के संस्थापक मुद्रिका शर्मा, विजय कुमार, के सी मंडल, धीर जी,सरस्वती कुमारी, रिंकी गोप, ईनाम समेत शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

### पोटका के नोडल पदाधिकारी गौतम कुमार ने विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पोटका।** उपायुक्त के निर्देश पर साप्ताहिक प्रखंड स्तरीय निरीक्षण के क्रम में पोटका प्रखण्ड अंतर्गत माटकु ग्राम पंचायत के जन-वितरण प्रणाली दुकान पिछली , आंगनबाड़ी केंद्र सह स्वास्थ्य केंद्र पिछली, पंचायत भवन माटकु, उत्क्रमिक मध्य विद्यालय माटकु एवं मनरेगा योजना अंतर्गत हेमू सरदार के जमीन पर आम बागबानी का नोडल पदाधिकारी भूमि सुधार उपसमाहर्ता,धालभूम जमशेदपुर गौतम कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया । इस दौरान सभी को सरकार के योजनाओं का लाभ लाभूकों को ससमय करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी सह प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी डा.अशोक कुमार,बीईईओ तेजिंदर कौर, महिला पर्यवेक्षिका,सीएचओ, पंचायत सचिव सहित अन्य उपस्थित थे।

### लिटिल प्ले स्कूल में समर कैंप का हुआ समापन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** लिटिल प्ले स्कूल गम्हरिया में विगत चार दिनों से चल रहे हैं समर कैंप का शनिवार को समापन हो गया।

यह समर कैंप शैक्षिकता और रचनात्मकता के साथ पूरी तरह सफल रहा। इस कैम्प के दौरान बच्चे काफी ऊर्जावान और उत्साहित दिखे। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चार दिवसीय समर कैंप में प्रथम दिन फिंगरप्रिंट, दूसरे दिन क्राफ्ट हैंडमैकिंग, पंखा बनाना व क्रिएटिविटी तथा तृतीय दिन जूनियर मास्टर सेफ में विभिन्न व्यंजनों का स्वाद का लुत्फ उठाया। कैम्प के अंतिम दिन पूरी तैराकी के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इसके सफल आयोजन में स्कूल की निदेशक अनु रानी का अहम योगदान रहा। इस मौके पर शिक्षिका पूजा कुमारी, आद्या सिंह, देवांशी, अंजलि, नव्या, हिमांश सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# योगी सरकार ने हीट वेव से बचाव को जारी की गाइडलाइन, प्रदेशवासी रहें अलर्ट

**लखनऊ,एजेंसी।** प्रदेश भर में इन दिनों तेज गर्मी और लू ( हीट वेव ) का भीषण प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने कई जिलों में अगले कुछ दिनों तक लू चलने की चेतावनी दी है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राहत विभाग और स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये हैं। मुख्यमंत्री योगी ने विभाग को प्रदेशवासियों को अलर्ट करने एवं हीट स्ट्रोक से बचाव संबंधी सुझाव देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता को जागरूक करने के लिए गाइडलाइन जारी की है, जिसमें तेज गर्मी और लू से बचाव संबंधी सुझाव दिये गये हैं। साथ ही विभिन्न पोस्टर और पर्चों के माध्यम से लोगों को सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जा रही है।



प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों को तेज गर्मी और लू से बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में विभाग की ओर से सभी प्रदेशवासियों को हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए कई जरूरी सुझाव दिए गये हैं। प्रदेशवासियों को सलाह दी गई है कि बाहर निकलते समय शरीर को ढक कर रखें, हल्के रंग के आरामदायक कपड़े पहनें और धूप में छाता या चश्मा जरूर लगाएं। लगातार तरल पदार्थों का सेवन करते रहें जैसे नींबू पानी, शिकंजी, नारियल पानी आदि। घरों और कार्यस्थलों पर पर्दों या शेड का प्रबंध करें ताकि सीधे सूर्य की किरणें अंदर न आएं। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। वहीं दूसरी ओर यह चेतावनी भी दी है कि दोपहर 12 से अपराह्न 4 बजे के बीच अत्यधिक गर्मी में बाहर निकलने से बचें। खाली पेट, अधिक प्रोटीन या बासी भोजन का सेवन न करें। धूप में खड़ी गाड़ियों में बच्चों या जानवरों को अकेला न छोड़ें। शराब, चाय, कॉफी, कार्बोनेटेड ड्रिंक आदि का अधिक सेवन न करें।

योगी सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को भी पोस्टरों के माध्यम से साझा किया है। इनमें शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जाना, लाल और सूखी त्वचा, चक्कर आना, मांसपेशियों में कमजोरी, सांस फूलना, सिरदर्द, घबराहट, मतली या उल्टी शामिल है। यदि किसी व्यक्ति को ये लक्षण दिखें तो उसे तुरंत छायादार जगह पर ले जाकर ठंडा पानी पिलाएं। संभव हो तो ठंडे पानी से नहलाएं और तुरंत एम्बुलेंस या डॉक्टर को बुलाएं। इसके अलावा श्रमिकों और बच्चों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्माण स्थलों पर काम करने वाले मजदूरों के लिए आवश्यक है कि उन्हें नियमित अंतराल पर विश्राम दिया जाए और उनके लिए ठंडी और छायादार जगह की व्यवस्था हो। भारी श्रम कार्यों को सुबह या शाम के समय में कराया जाए। बच्चों को दोपहर के समय धूप में खेलने से रोका जाए, उनके कपड़े ढीले और हल्के हों और वे पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। कभी भी बच्चों को गर्मी में बंद गाड़ी में अकेला न छोड़ें। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देशित किया है कि श्रमिकों की निगरानी के लिए तुरंत मित्र प्रणाली लागू की जाए। इसके तहत साथी एक-दूसरे की सेहत का ध्यान रखेंगे और आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही भारी उद्योगों में गर्म उपकरणों को इन्सुलेट करने और बच्चों के लिए कूल शेड की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने लोगों से अपील की है कि हीट वेव के प्रति सतर्क रहें और किसी भी व्यक्ति में गंभीर लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं या एम्बुलेंस सेवा 108 पर कॉल करेंझ्झ शनिवार व रविवार को अवकाश और सोमवार से ग्रीष्मकालीन अवकाश हो रहे हैं। इस कारण से जब बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे तो उन्हें ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान मिलने वाले होमवर्क का भी पता नहीं चल पा रहा। फिलहाल इस मामले पर स्कूल ने अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने एक महिला को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला का नाम पूजा स्वर्णकार है। वह सिलीगुड़ी के विश्वास कॉलोनी की निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने गुप्त सुचना पर शुक्रवार देर रात अभियान चलाकर पूजा को उसके घर के बाहर से पकड़ा। जब महिला पुलिसकर्मी ने पूजा की तलाशी ली तो उसके पास से 186 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। बरामद मादक पदार्थ का बाजार मूल्य लाखों रुपये आंकी गई है। जिसके बाद पूजा को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूजा पर पुलिस ने कई दिनों से कड़ी नजर रखी हुई थी। माटीगाड़ा थाना की पुलिसआगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कुरुक्षेत्र पहुंचे सीएम- तिरंगा यात्रा को किया रवाना, बोले-हमारे सैनिकों ने पाक को घुटने टेकने पर किया मजबूर



**कुरुक्षेत्र ,एजेंसी।** हमारे वीर सैनिकों ने बहादुरी दिखाते हुए पाकिस्तान को चार दिन में ही घुटने टेकने को मजबूर कर दिया है। ऐसे जाबांज सैनिकों को पूरा देश नमन कर रहा है। इन सैनिकों के हाथों देश पूरी तरह से सुरक्षित है और आतंकवाद व पाकिस्तान यहां अशांति फैलाने की अब हिमाकत नहीं कर पाएंगे। ये विचार मुख्यमंत्री नायब सैनी ने व्यक्त किए। वे आज शनिवार को गांव बुहावी पहुंचे थे, जहां ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर आयोजित तिरंगा यात्रा को रवाना किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान यात्रा में मौजूद हजारों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर युद्ध नहीं था बल्कि यह पहलगाम जैसी आंतकी घटना का करारा जवाब था। भारत का यही साहस ही नए भारत की पहचान है। यहीं देश का आत्मविश्वास है। इस ऑपरेशन ने दिखा दिया है कि पूरा देश एकजुट है और ऐसे में किसी की हिम्मत नहीं है, जो हमारे देश की ओर आंख उठाकर देख सके। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का भारत है, जो जवाब देना जानता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा यात्रा से पूरे देश में संदेश जा रहा है कि यहां कण-कण में देशभक्ति है। हरियाणा वीरों की भूमि है और यहां गांव-गांव के जवान वीरता की मिशाल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की ओर आंख उठाकर देखने वाले पाकिस्तान व आतंकवाद को करारा जवाब दिया है। सिंधु जल समझौता रद्द करना भी बड़ा कदम था तो वहीं पाकिस्तान के नागरिकों का वीजा खत्म कर उन्हें वापस भेजने का भी काम किया है।

## ममता सरकार पर आरोप - सरकारी कर्मचारियों को डीए भुगतान से बचने के लिए खर्च किए दो सौ करोड़

**कोलकाता ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता (डीए) के तत्काल भुगतान का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। यह लड़ाई सरकारी कर्मचारियों ने राज्य के ट्रिब्यूनल से लेकर जिला और फिर हाई कोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी है। राज्य सरकार ने ट्रिब्यूनल के ही आदेश को मानने से इनकार कर दिया और उसके बाद सरकार की ओर से अदालतों में लगातार डीए की मांग को चुनौती दी गई। चौंकाने वाली बात यह है कि सरकारी कर्मचारियों को डीए ना देना पड़े, इसके लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने कोर्ट में 200 करोड़ रुपये खर्च कर दिए, लेकिन डीए भुगतान की जहमत नहीं उठाई। इस मामले को लेकर विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों को उनका वैध डीए न देने के लिए कानूनी लड़ाई में ?200 करोड़ से ज्यादा खर्च कर दिए, जबकि यह राशि विकास कार्यों में लगाई जा सकती थी। अधिकारी ने दावा किया है कि ट्राइब्यूनल और कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बावजूद राज्य सरकार ने जानबूझकर मामला सुप्रीम कोर्ट में घसीटा। सरकार को पहले ही पता था कि सुप्रीम कोर्ट में उनकी विशेष अनुमति याचिका सफल नहीं होगी, फिर भी ?200 करोड़ खर्च किए गए। इतनी रकम से 10 अस्पताल या 200 स्कूल बनाए जा सकते थे। दरअसल शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ – न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा – ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि वह अगले चार सप्ताह के भीतर डीए का 25 प्रतिशत बकाया भुगतान करे। इसके बाद मामले की अगली सुनवाई होगी। अधिकारी ने यह भी कहा है कि सरकार भाग्यशाली है कि सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ 25 प्रतिशत भुगतान का निर्देश दिया।



## इंदौर में 20 मई को कैबिनेट बैठक, राजवाड़ा में पर्यटकों की रोक, तीन दिन के लिए बंद

**इंदौर,एजेंसी।** इंदौर का दिल कहे जाने वाले राजवाड़ा पैलेस में 20 मई को प्रदेश सरकार बैठक करने जा रही है। अलग-अलग विभाग इसकी तैयारियों में जुट गए है। राजवाड़ा के गणेश हॉल में बैठक होगी। वहां की रंगाई-पुताई,फर्श की सफाई की जा रही है। कैबिनेट बैठक के बाद पैलेस के खुले हिस्से में भोजन की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए डोम भी बनाया जाएगा। अब बैठक में तीन दिन शेष है। इस कारण राजवाड़ा पैलेस को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। अब राजवाड़ा पैलेस पर्यटकों के लिए 20 मई के बाद ही खुलेगा। यहां हर दिन शाम को लाइट एंड साउंड शो भी आयोजित किया जाता है। वह भी फिलहाल बंद रहेगा।



शनिवार को कैबिनेट बैठक की तैयारियों के मद्देनजर अफसरों ने राजवाड़ा पैलेस और उद्यान का दौरा भी किया। संभावित बारिश के मद्देनजर भी व्यवस्थाएं जुटाने के लिए कहा गया है। पहला मौका है जब शहर में कैबिनेट बैठक होने जा रही है। इससे पहले इंदौर जिले के उज्जैनी में नर्मदा-शिप्रा संगम स्थल पर बैठक आयोजित की गई थी। देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती के मौके पर राजवाड़ा के पैलेस में बैठक करने का फैसला लिया गया है।

इंदौर में कैबिनेट बैठक दोपहर 12 बजे होगी। बैठक में प्रदेश के अलग-अलग एजेंडों पर चर्चा होगी और उन्हे मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री मोहन यादव लालबाग पैलेस के गार्डन और राजवाड़ा पैलेस के कामों का भी भूमिपूजन करेंगे। बैठक से पहले राजवाड़ा चौक पर लगी देवी अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने भी मुख्यमंत्री मोहन यादव जाएंगे। नगर निगम 20 लाख रुपये खर्च कर उद्यान को भी संवार रहा है। राजवाड़ा 200 साल पुराना है। 1984 के दंगों में राजवाड़ा का एक हिस्सा जल गया था। 25 साल पहले राजवाड़ा की जीर्णद्धार किया गया था।

## एसआई भर्ती पर बड़ा फैसला जल्द, पीएम के बीकानेर दौरे से पहले सब कमेटी की बैठक बुलाई गई



**जयपुर ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को राजस्थान के बीकानेर आने वाले हैं। उनके दौरे की तैयारियां चल रही हैं। लेकिन इसी बीच एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में सरकार बड़ा फैसला लेने वाली है। इस मामले पर फैसला करने के लिए बनी कैबिनेट सब कमेटी की बैठक अब 21 मई की बजाय 20 मई को बुला ली गई है। एसआई भर्ती 2021 के पेपर लीक मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट ने सरकार को कड़ी फटकार लगाई थी। जस्टिस समीर जैन ने कहा कि अगर इस मामले में जल्दी फैसला नहीं हुआ, तो सरकार को इसके नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं। सुनवाई 26 मई को होगी।

राज्य सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने कोर्ट में बताया कि 13 मई को कैबिनेट सब कमेटी की बैठक बुलाई गई थी, लेकिन 'ऑपरेशन सिंदूर' के कारण कई सदस्य शामिल नहीं हो सके। इसलिए सरकार ने 21 मई को बैठक तय की थी, जिसे अब 20 मई कर दिया गया है।पिछली सुनवाई में सरकार ने कहा था कि 13 मई को कैबिनेट सब कमेटी की बैठक होगी, लेकिन उस दिन केवल अध्यक्ष जोगाराम पटेल और सदस्य मंजू वाघमार ही मौजूद थे, बाकी सदस्य नहीं आ पाए। इसलिए अगली बैठक 20 मई को सचिवालय में रखी गई है। हाईकोर्ट ने 15 मई तक इस मामले पर फैसला करने की डेडलाइन भी दी हुई है।

## कोल सेक्टर वाली हड़ताल 20 मई को नही अब होगी 9 जुलाई को



राष्ट्र संवाद कमाल अहमद

### कोयला खनन के क्षेत्र में आउटसोर्सिंग है हड़ताल का कारण

**कोरबाः-** कोल सेक्टर में कई यूनियन लेबर लॉ के अलावा पुरी तरह से आउटसोसिंग को बढ़ावा सहित कोयला खनन के क्षेत्र में निजी क्षेत्र की दखल को बढ़ावा देने के विरोध में इस महीने 20 मई को होने वाली हड़ताल टल गई है। अब यह हडताल 9 जुलाई को होगी।

ट्रेड यूनियन इंटक के वरिष्ठ पदाधिकारी गोपाल नारायण सिंह ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मजदूर विरोधी और उद्योग विरोधी नीतियों के कारण ट्रेड यूनियन समय-समय पर मूवमेंट किया करती हैं। सरकार को सही दिशा में लाने के लिए यह सब करना जरूरी होता है। कुछ समय पहले इस पर विचार हुआ था और तय हुआ था कि मई के तीसरे हफ्ते में कोल सेक्टर में देशव्यापी हड़ताल की जाएगी। वर्तमान में सुरक्षा और अन्य ज्वलंत मुद्दे बने हुए हैं और ऐसे मैं हम सभी की जिम्मेदारी राष्ट्र के साथ एक जुटता से खड़े होने की है इसलिए फिलहाल हड़ताल को पोस्टपोन किया गया है। विभिन्न यूनियन मिलकर सुनिश्चित किया है कि अब 9 जुलाई को संबंधित विषय पर हड़ताल होगी। गोपाल नारायण ने बताया कि कामकाज और प्रदर्शन अपनी जगह पर हैं लेकिन इसे भी बड़ी बात यह है कि हम राष्ट्रीय हितों को लेकर कितने गंभीर हैं। आपको बता दे कोयला खदान निजीकरण के तरफ बढ़ चुका है।

## दीपका में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली को लेकर बैठक की गई

राष्ट्र संवाद कमाल अहमद

### बैठक में शामिल प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी(छःग)श्री तनवीर अहमद

**कोरबाः**-जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के निदेर्शानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दीपका द्वारा जांजगीर चांपा जिला में आयोजित ,राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली को लेकर बैठक रखी गई । जिसमें अधिक से अधिक संख्या में रैली में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि पोशाक दास महंत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव तनवीर अहमद, रजनीश तिवारी, विशाल शुक्ला, प्रशांति सिंह, केदार सिंह, सूरज दास मानिकपुरी, रामकुमार कंवर,पार्षद गण इस्तेखार अली, अविनाश यादव, आकाश साहू, रामजय सिंह, कमलेश जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि तारकेश्वर मिश्रा, लोकेश राठौर, कुलदीप तिवारी, रघुवंश शर्मा, शेत मसीह,हरि यादव, गया प्रसाद चंद्रा, करम सिंह, विकास केसरवानी, विकी राज, अंजना जायसवाल,अनिता तिवारी, फैयाज अंसारी उपस्थित थे



## साइलेंट जोन जमीन घोटाले का मुख्य आरोपित अनंत पटेल गिरफ्तार




**सूरत,एजेंसी।** सूरत शहर के साइलेंट जोन की 2500 करोड़ रुपये के जमीन घोटाला मामले में मुख्य आरोपित सिटी सर्वे सुप्रिटेंडेंट अनंत पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीआईडी क्राइम ने महाराष्ट्र के पुणे शहर से शुक्रवार रात उसे गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ में राज्य के इस बड़े जमीन घोटाले के कई राज का खुलासा होने की उम्मीद है। सूरत के साइलेंट जोन क्षेत्र की सरकारी जमीन घोटाले में जमीन के दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर फर्जी प्रॉपर्टी कार्ड बनाए गए थे। सरकार की जमीन नीति के अनुसार जिस जमीन पर किसी प्रकार का विकास कार्य संभव नहीं हो वैसे साइलेंट जोन की जमीन को निजी बताते हुए बेच कर करोड़ों का घोटाला किया गया। इस मामले में मुख्य आरोपित सिटी सर्वे सुप्रिटेंडेंट अनंत पटेल की अहम भूमिका का आरोप है। आरोपी ने अपने पद का दुरुपयोग कर फर्जी कागजात बनवाने में सहायता की। इसके अलावा इस पर अन्य संबंधित अधिकारियों से जरूरी प्रमाण पत्र बनवाने और पास करवाने का भी आरोप है।

शहर के वेस्ट जोन क्षेत्र के पोजिशन वाले जमीन प्लॉट और अन्य जमीन के कागजात में छेड़छाड़ की गई थी। इस संबंध में जानकारी होने पर सूरत सीआईडी क्राइम में 3 जनवरी, 2025 को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। इससे पूर्व किसान आजादभाई रामोलीया ने 24 जून 2024 को सीआईडी क्राइम में शिकायत की थी। इस मामले में सूरत के प्रख्यात बिल्डरों ने अवैध रूप से साइलेंट जोन की 2500 करोड़ रुपये की करीब 5 लाख वर्ग मीटर जमीन का फर्जी प्रॉपर्टी कार्ड बनाने के बाद जमीन करोड़ों रुपये के भाव में बेच दिया। आरोप के अनुसार बिल्डरों के इस ग्रुप ने 135 फर्जी प्रॉपर्टी कार्ड का उपयोग कर सरकारी जमीन को निजी जमीन के रूप में दर्शाते हुए बेच दिया था।

## रात में दिखे तीन संदिग्धः सांबा में आतंकियों की घुसपैठ का अलर्ट, जंगल खंगाल रही पुलिस, सर्च ऑपरेशन जारी

**जम्मू ,एजेंसी।** शनिवार सुबह सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में तीन संदिग्ध आतंकियों की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान पुलिस और अर्धसैनिक बलों की संयुक्त टीम द्वारा चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, नंगल, चिल्लाडांगा, गोरन और आसपास के जंगलों की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने शुक्रवार और शनिवार की रात को संदिग्ध गतिविधि देखे जाने की सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को तंगधार सेक्टर के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया और पाकिस्तान द्वारा की गई अकारण भारी गोलाबारी से प्रभावित इलाकों का जायजा लिया।इस दौरान उपराज्यपाल ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। गोलाबारी से हुई क्षति का आकलन करते हुए, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राहत और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## उपद्रव में शामिल 50 पर आरोप तय, अब शुरू होगा ट्रायल, पुलिस 80 लोगों को कर चुकी है गिरफ्तार

**(संभल) मुरादाबाद ,एजेंसी।** संभल हिंसा के 50 उपद्रवियों पर न्यायालय में आरोप तय हो गए हैं। अब ट्रायल शुरू होगा। इस मामले में आरोपियों की ओर से चार-पांच अधिवक्ताओं ने न्यायालय में डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया और डिस्चार्ज किए जाने के लिए बहस की। जिस पर अभियोजन ने अपने तर्क देकर विरोध किया।



जिस पर न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुन कर डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र खारिज कर दिए। बता दें कि 24 नवंबर 2024 की सुबह संभल की शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा हो गई थी। इस मामले में पुलिस की ओर से कई मुकदमे दर्ज किए गए।

पुलिस अब तक 80 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जिनकी जमानत अर्जी के लिए न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिए जा रहे हैं। अब तक लगाई गई सभी जमानत अर्जियां खारिज हो चुकी हैं। बृहस्पतिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एससीएसटी एक्ट रागिनी सिंह के न्यायालय में विवेचक द्वारा लगाए गए आरोपपत्रों पर आरोप तय किए गए।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने बताया कि कुछ आरोपियों के पक्ष में चार-पांच अधिवक्ताओं द्वारा अपने-अपने मुल्जिमानों के पक्ष में डिस्चार्ज प्रार्थनापत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। जिनमें उनके द्वारा तर्क दिया गया कि उनके अभियुक्त नामजद नहीं हैं। जो हिंसा की घटना में शामिल नहीं थे। पुलिस ने घर से उठा कर बिना तथ्यों के आधार पर जेल भेज दिया। जिसका विरोध करते हुए सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता द्वारा न्यायालय को बताया कि सभी के नाम विवेचना में सामने आए हैं। जिसकी वीडियो फुटेज है। पुलिस पर पत्रावली पर साक्ष्य हैं। सभी 50 आरोपियों के विरुद्ध पुख्ता सबूत हैं। ऐसे में इनका प्रार्थनापत्र निरस्त किया जाना आवश्यक है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को सुन कर डिस्चार्ज प्रार्थना खारिज कर दिए गए। सभी 50 आरोपियों के विरुद्ध लगाए गए आरोपों के अनुसार लगाई गई धाराओं के अनुसार आरोप तय किए हैं।

अब अभियोजन के द्वारा न्यायालय में साक्ष्यों की गवाही व जुटाए गए साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। जिसके आधार पर न्यायालय अंतिम निर्णय लेगा। अब लग रहा है कि जल्दी ही संभल हिंसा मामले पर निर्णय सुनवाई पूरी होने पर जल्दी हो सकता है। इसके बाद चार साल पहले स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 20 करोड़ रुपये से राजवाड़ा को नया स्वरुप दिया गया। राजवाड़ा होलकर राज परिवार का राज दरबार था। देवी अहिल्या ने तो अपनी राजधानी महेश्वर को बनाया था, लेकिन बाद में यशवंत राव होलकर, तुकोजीराव होलकर ने इंदौर में रहकर राज चलाया। जबकि पहले कोर्ट ने 50 प्रतिशत भुगतान की बात कही थी। बाद में सरकारी वकील की गुहार पर अदालत ने सहानुभूति दिखाते हुए 25 प्रतिशत भुगतान की छूट दी।

## बब्बर खालसा इंटरनेशनल के 15 ठिकानों पर एनआईए की रेड, नेटवर्क से जुड़े आरोपियों की धरपकड़ जारी

**चंडीगढ़,एजेंसी।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को पंजाब में आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के गुरदासपुर, बटाला, अमृतसर और कपूरथला जिलों में 15 ठिकानों पर रेड की। एनआईए की टीमों ने रेड कर आपत्तिजनक सामग्री, मोबाइल व डिजिटल डिवाइस और दस्तावेज जब्त किए हैं।




एनआईए ने यह रेड दिसंबर 2024 में गुरदासपुर स्थित पुलिस स्टेशन पर हुए ग्रेनेड अटैक मामले में की। एनआईए के अधिकारियों ने बताया कि यह रेड बीकेआई चीफ हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा, हैंडलर हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियां और उसके साथी शमशेर सिंह शेरा उर्फ हनी के नेटवर्क से जुड़े गुर्गों की धरपकड़ के लिए की है।

गौरतलब है कि एफबीआई ने सैक्रामेंटों में बीकेआई के मेन हैंडलर पासियां को गिरफ्तार किया था। एफबीआई के साथ भारतीय एजेंसियां व एनआईए लगातार संपर्क में हैं। एफबीआई की पूछताछ में पासियां ने जो इनपुट उगले हैं, अब उन पर एनआईए एक्शन ले रही है, ताकि बीकेआई के पंजाब में फैले नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके।

# ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा के हड़ताल से आम यात्री परेशान,गंभीर रोगी भी हॉस्पिटल जाने से हो रहे हैं हलकान

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

**ऑटो चालक संघ एवं ई रिक्शा चालक संघ ने संयुक्त रूप से हड़ताल पर जाने से छोटे वाहनों के नहीं चलने से सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

सरकार से गरीबों द्वारा लोन लेकर ई रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा चालकों को कमाई से अधिक दबंगों को कर देना मजबूरी हो गई है। बरौनी से बेगूसराय जाने वाले छोटे वाहनों को चौक चौराहे पर भी कर देना मजबूरी है। वही बिहट नगर परिषद प्रशासन द्वारा बरौनी जीरोमाइल चौमुहा सड़क पर बिना स्टैंड बनाए संवेदक बहाल कर दी गई है। बताया जाता है कि अपना पूंजी लगाने वाले संवेदक द्वारा ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा के अलावे भी बड़े वाहनों से भी जबरन अधिक कर की वसूली कर रहे हैं। जिसको लेकर मजदूरी कर अपने बाल बच्चो के पालन पोषण के लिए सड़कों पर वाहन चलकर मजदूरी करते हें, लेकिन उनके कमाई से करीब तीन हिस्से संवेदकों द्वारा जबरन ले ली जाती है। जिस कारण परिवार के लिए रोटी जुटाना तो मुश्किल होता ही है साथ ही किस्ती नहीं जमा होने के कारण उनके वाहन भी एजेंसी द्वारा जप्त कर ली जाती है।



आखिर गरीब ,गरीब ही रह जाता है और उनके बाल बच्चे रोटी के बगैर बीमारी एवं मृत्यु के गाल में सामने को बेबस हो जाते हैं।
जिसको लेकर सीटू के राज्य सचिव अंजनी कुमार सिंह, ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष विजय कुमार रजक, सचिव मुकेश पोद्दार, सुरेंद्र कुशवाहा, मनोज पासवान, ए एन झा, राम विनय सिंह आदि ने चालकों को संबोधित करते हुए कहा की । जब जनता से निर्वाचित सदन को ठेका, संविदा, व्यवसाय एवं मुनाफा लूटने के संरक्षण में तब्दील किया जा रहा है। तो फिर गरीबों का क्या होगा? प्रतिनिधियों के सहमति से परिषद अधिकारी मुनाफा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बरौनी जीरो माइल गोलंबर से गुजरने वाले ऑटो रिक्शा से अप एवं डॉउन के लिए 50-50 रुपए तथा ई-रिक्शा से अप एवं डॉउन के लिए 30-30 रुपए की वसूली करना क्या जायज है? जबकि चर्चा है कि ,नगर परिषद प्रशासन द्वारा दोनों बाहनों के लोगों से मासिक 200 रुपए लेकर उन्हें पास यीशु करना है। फिर प्रति ट्रिप की वसूली क्यों ?उन लोगों ने कहा कि यह तो मजदूरों के जीवन जीने के अधिकार को छीनने का प्रयास है? वाहनों से सफर करने वाले को भी कारा तमाचा है। अखिर जबरन वसुली को लेकर वाहन चालक, यात्रा करने वाले आम जनों से ही वसूली करेंगे। जो यात्रियों पर भी भार पड़ेगा। जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा नेताओं ने कहा कि समस्याओं के समाधान नहीं होने पर हड़ताल पर रहने तथा 19 मई तक जबरन कर वसूली का आदेश वापस नहीं लेने पर 20 मई को सड़क पर वाहन लगाकर सड़कों को जाम कर दिया जाएगा । फिर जाम का आंदोलन चलेगा।
वही बुद्धिजीवियों के बीच इस समस्या को लेकर हो रही चर्चा को गर माने तो जनता से वोट लेकर जनप्रतिनिधि बनते हैं और कहते हैं कि हम आपके हर समस्या में साथ रहेंगे। तो फिर यह क्या हो रहा है। यह तो नगर परिषद प्रतिनिधियों को सोचना चाहिए ।गरीबी मिटाने का वादा करने वाले जनप्रतिनिधि गरीबों को ही मिटाने पर तुले हुए हैं।

## सिमरियाघाट धर्मशाला में अधिकारीयों की हुई बैठक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बरौनी/बेगूसराय** प्रगति यात्रा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल करने हेतु सिमारिया घाट स्थित जिलाधिकारी तुषार शिंगला के अध्यक्षता में फेज टू का सीढ़ी घाट निर्माण,कार्य प्रारंभ करने ,पार्किंग एरिया का सौन्दर्यकरण कार्य फन जोन, कैटफेरिया /होटल का स्थल,पार्क निर्माण स्थल,कन्वेंशन सेंटर,नमामि गंगे घाट से धर्मशाला को जोड़ने बाली सड़क निर्माण कार्य,सिक्सलेन सड़क के बगल से नए जीरो माइल तक सड़क चौड़ीकरण कार्य,सिमारिया घाट में पेयजल सुविधा ,गंगा नदी में डूबने की घटना पर रोक लगाने का प्रभावी उपाय करने,सिमारिया घाट स्थित सभी सरकारी भवनों का रंगरोगन ,पूरे क्षेत्र में स्वच्छता बनाये रखने हेतु बेहतर प्रबंधन हेतु स्थल का



जायजा लिया गया।सिमरिया घाट में पुलिस ओपी,एपी एच सी, एस डी आर एफ भवन,के निर्माण हेतु अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गयी। सीढ़ी के आगे नदी के किनारे मिट्टी को समतल करने का निदेश दिया गया। बैठक में राजीव कुमार एस डी ओ,किशन कुमार, के विशेष कार्य पदाधिकारी , मो इमरान एस डी पी ओ सदर 2 , राजू कुमार ,प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व शाखा अनुरंजन कुमार बीडीओ,सीओ सूरज कांत बरौनी ,नीरज कुमार चौधरी थानाध्यक्ष चकिया,प्रदीप कुमार सहायक स्वच्छता सह अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी नगर परिषद बीहट,राजीव कुमार ,कार्यपालक अभियंता जल संसाधन विभाग,हैदर अली इंजीनियर पी एच ई डी तेघड़ा,सूरज कुमार इंजीनियर विद्युत आपूर्ति बरौनी।
शिवकांत कुमार सहायक अभियंता भवन निर्माण विभाग,सोनू कुमार सहायक अभियंता पथ निर्माण विभाग, मनीष कुमार सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग सहायक अभियंता तेघड़ा सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।

## नगर जनसंवाद के माध्यम लोगों से संग्रह की गई जन समस्याएँ. जल निकासी व सफाई की सबसे बड़ी समस्या

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बरौनी सिटी:** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के निदेर्शानुसार नगर परिषद बरौनी में नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता हेतु नगर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. जिसमें लोगों से उनकी समस्याओं को संग्रह करने और उसका निदान करने के लिए लोगों से जनसंवाद किये जा रहे हैं. इसी क्रम में शनिवार को नगर परिषद बरौनी के वार्ड 24 में नगर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें कार्यपालक पदाधिकारी रणवीर कुमार, सिटी मैनेजर रोहित सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी शुभम कुमार ,उप मुख्य पार्षद नेहा मेहता समेत वार्ड



के दर्जनो महिला पुरुष और नगर कर्मी शामिल हुये. इस मौके पर लोगों ने पी एम आवास योजना, नल जल, साफ सफाई, जल निकासी, नाला, लाइट समेत अन्य समस्याओं को रखा. जिसे बारी बारी से संग्रह किया गया और उस समस्या का समाधान करवाने को लेकर बात की गई. वही वार्ड पार्षद ने बताया कि सरकार तो इस प्रकार के कार्यक्रम कर रही है और ये स्वागत योग्य है पर इसका समुचित लाभ तब ही मिल पाएगा जब प्रशासन जनता के उठाएँ समस्या का निष्पादन करेगी । रही बात बरौनी नगर परिषद् की तो यहाँ के मुख्य पार्षद ही पूरी तरह खुद खायेंगे और परिवार को भी खिलायेंगें के भाव को लेकर चल रहें हैं , चुनाव के समय हर घर जाएँगें पर आज जब बात समस्या सुन ने की है तो वो नहीं आएँगें । बाकी मुझे इंतजार रहेगा कि जनता की समस्या जल्द से जल्द दूर हो ।

# अस्पताल पर धरना देने आये धरनार्थियों को पुलिस बल ने रोका

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**ब्याप्त , भ्रष्टाचार के खिलाफ में सभी राजनीतिक दल के लोगों ने मंसूरचक अस्पताल पर दिया धरना**

**मंसूरचक(बेगूसराय)** धरना देने से पहले जिला से नियुक्त पुलिस बल ने गेट के अंदर आने से रोका जोर-जबरदस्ती करने से पहले थानाध्यक्ष अमित कुमार कांत ने समझा-बुझाकर गेट खाली करवाया और चारदीवारी के बाहर बैठने को मजबूर किया। दस सूत्री मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंसूरचक में याप्त भ्रष्टाचार को लेकर विभिन्न राजनीतिक दल के लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र पर धरना -प्रदर्शन दिया ।जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर महतों ने किया, संचालन कल्याणी महतों ने किया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बालेश्वर महतो ने कहा कि इस डबल इंजन सरकार में अफसरशाही हावी हो गयी है। जो अपने कारनामों पर पर्दा डालने के लिए अब झूठा मुकदमा भी करवाने लगे हैं। लेकिन हमलोग इससे ना तो डरने वाले हैं और ना ही झुकने वाले हैं इसलिए हमलोग आज धरना-प्रदर्शन पर बैठे हैं । मेरे मांगों को तय समय-सीमा पर पूरा नहीं होने पर हमलोग पुनः इस भ्रष्टाचार के खिलाफ अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर भी बैठेंगे । उन्होंने कहा अपने राजनीतिक जीवन में ऐसे-ऐसे



बहुत अफसर के मनमानी करने वालों को घुटने के बल झुकाया हूं।पीएचसी में कार्यरत लोगों द्वारा गरीब लोगों के साथ आर्थिक शोषण किया जाता है।धरना के माध्यम से 10 सूत्री मांग पत्र को राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी सुभाष कुमार को सौंपा। धरना प्रदर्शन को मुखिया प्रतिनिधि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमीनुद्दीन, मुखिया दिनेश कुमार राय, मुखिया राममूर्ति चौधरी, मुखिया हीरा देवी, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, उपसरपंच अवधेश कुमार, पूर्व उपमुखिया मो जावेद,मो राजा, रामविलास चौधरी, दिनेश महतो, रामकुमार चौधरी, अशोक महतो, श्याम नंदन महतो,जोखन सदा,महावीर सदा, बछवाड़ा विधानसभा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष निखिल राज,संजय पासवान, सुबोध कुमार,पंसस चन्द्रहास सिंह, मुकेश कुमार,मो अहमद,मनोज पासवान, मधुकांत महतो, सुरेश दास,अमरेश यादव,शिबु शर्मा सहित अन्य ने संबोधित करते हुयें कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंसूरचक इस क्षेत्र के गरीब लोगों का एक बहुत बड़ा सहारा हैं जिस सिस्टम में मनमानीपूर्ण रवैये अपनाने वाले पदाधिकारी ,व कर्मचारियों को यहां की जनता कदापि नहीं बख्शेगा।धरना का नेतृत्व संभाल रहे कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर महतों ने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने का एलान कर दिया । लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुभाष कुमार के द्वारा संतोष जनक अश्वासन दिये जाने के बाद धरना को आंदोलन कारियों ने समाप्त किया।तनावपूर्ण स्थिति की जानकारी मिलते ही मंसूरचक थानाध्यक्ष अमीत कांत कुमार पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर पहुंच कर विधि व्यवस्था को शांतिपूर्ण करवाने में डटे रहें।दुसरी तरफ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर विनय कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक सौरभ सुमन से उक्त घटना के संबंध में पूछे जाने पर बताया कि मेरे ऊपर लगाया गया आरोप का कोई भी साक्ष्य उन लोगों के पास नहीं हैं.साक्ष्य जब नहीं है तो आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

## क्षेत्र भ्रमण के दौरान पूर्व विधायक अमिता भूषण ने कई परिवारों से मिलकर समस्याओं का जायजा लिया

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

बेगूसराय सदर की पूर्व विधायक अमिता भूषण राजनैतिक और सांगठनिक गतिविधियों और कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक निपटाने के उपरांत अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के सुख दुख में शामिल होने के अनवरत कार्यक्रम में फिर से मुस्तैद नजर आई। इस कड़ी आज श्रीमती भूषण आज विधानसभा क्षेत्र के किल्ली मोहनपुर, कैथ , सांख, लोहिया नगर, पनहास, लाखो आदि क्षेत्रों का दौरा किया। किल्ली में मानव बल के रूप में कार्यरत युवक राहुल कुमार की पिछले दिनों विद्युत स्पर्श से दुखद मौत हो गई थी, श्रीमती भूषण आज उनके परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना



दी। श्रीमती भूषण कैथ में उन परिवारों से भी मिली जिनकी अगलगी के दौरान काफी आर्थिक नुकसान हुआ था. प्रशासनिक पदाधिकारियों से संवाद कर उन्हें सरकारी सहायता उपलब्ध कराने में मदद का भरोसा दिया.ह्र पिछले दिनों एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के दौरान बेगूसराय से दिल्ली जा रहे बस में अचानक आग लगने से कई लोगों की दुखद मौत हो गई थी। सांख निवासी मकसूदन कुमार की भी इस घटना में दुर्भाग्यपूर्ण मौत हो गई थी ह्र आज उनके परिजनों से भी मुलाकात कर श्रीमती भूषण नें दुखद वक़्त में साथ खडे रहने का भरोसा दिया। इसके अतिरिक्त लाखो, पनहास आदि जगहों पर भी उन्होंने लोगों से मुलाकात कीह्र इस दौरान श्रीमती भूषण के साथ प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, अजय कुमार सिंह, मो शमीम , एक्टिंग सिंह, बिनय कुमार, अरुण राम, चुनचुन ताँती,रामाज्ञा सिंह, विजय पोद्दार, अर्जुन पोद्दार,मो0 एजाज,राजेश कुमार संतोष कुमार, रामानुज ताँती,धीरज कुमार,गंगाराम,कुमार रत्नेश टुल्लू,सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सम्मेलनः टूना देवी को दी गई शाखा मंत्री की जिम्मेवारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता
पूजा सिंह

**बेगूसरायः** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सादपुर पूर्वी का सातवां शाखा सम्मेलन समारोहपूर्वक संपन्न हो गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत झंडोत्तोलन के साथ कामरेड टूना देवी के द्वारा किया गया। शोक प्रस्ताव गोपाल पोद्दार के द्वारा किया गया। शाखा सम्मेलन गोपाल पोद्दार के दरवाजे पर संपन्न हुआ। भाकपा के अंचल सचिव सह पूर्व प्रमुख मनोज कुमार के द्वारा उद्घाटन भाषण में कहा गया कि हमारी पार्टी की शाखा में कार्यकताओं की आत्मा वास करती है। इसलिए पार्टी को सदस्य संख्या बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही महिला समाज, किसान सभा, खेत मजदूर नौजवान संघ जैसे जन संगठनों को भी सदस्यता के आधार पर नेतृत्व का चुनाव करना चाहिए।




भारतीय जनता पार्टी के द्वारा तिरंगा यात्रा देश में निकाला जा रहा है तो दूसरी तरफ मध्यप्रदेश के मंत्री और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के द्वारा सेना का मनोबल तोड़ने के लिए अनर्गल बयान कर रहे हैं। इससे प्रतीत होता है कि भारतीय जनता पार्टी झूठी और खोखली राष्ट्रवाद का नारा देती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नफरत आधारित राजनीति कर समाज को बांटने का घिनौना कुकृत्य कर रही है। इस दौरान शाखा मंत्री का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। टूना देवी को शाखा मंत्री, सहायक शाखा मंत्री रोशन कुमार और डोमन सदा को अंचल सम्मेलन का प्रतिनिधि चुना गया। इसके अलावा शाखा मंत्री सहायक शाखा मंत्री भी चुने गए। शाखा सम्मेलन में 6 सदस्यों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में सरफराज आलम, राजेश कुमार सुमन, मोहम्मद नौशाद, गुलाम बक्शी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र ,पदक और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

शनिवार को सेंट जूड्स विद्यालय, फुलवरिया के प्रांगण में एक उत्सवीय माहौल और गर्वपूर्ण अनुभूतियों के साथ आयोजित हुआ एक विशेष आयोजन - कक्षा 10 (सत्र 2024झ25) के छात्रों को अकररए-2025 में उनके अद्वितीय प्रदर्शन के लिए प्रमाणपत्रों, पदकों और स्मृति चिह्नों से गरिमामयी सम्मान प्रदान किया गया।
यह दिन केवल एक सम्मान समारोह नहीं था, यह था संघर्ष की विजयगाथा का उत्सव, जहां मेहनत ने मुकाम पाया और प्रतिभा ने पहचान।
ओरिएंटेशन एवं फेलिसिटेशन सेरेमनी के दौरान हमारे प्रखर शिक्षकों
श्री रंजीत कुमार, श्री एस. के. पांडेय, मोहम्मद खालिद बिन्ताज, श्री एस. के. मिश्रा, श्रीमती स्वीकृति एवं अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों को न केवल आशीर्वचन दिए, बल्कि जीवन के आगामी पथ पर सफलता की दीपशिखा भी थमाई।
विद्यालय के प्रेरणास्त्रोत, प्राचार्य श्री संतोष पांडेय ने छात्रों को यह आश्वासन दिया कि कक्षा 11 एवं आगे की यात्रा में उन्हें पूर्ण मदद, मार्गदर्शन और विश्वास का हाथ निरंतर प्राप्त होता रहेगा।
इस शुभ अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री शंकर कुमार, प्रबंध निदेशक श्री ओम नारायण एवं शैक्षणिक निदेशक श्री राहुल कुमार ने अपने संयुक्त शुभकामना संदेश के माध्यम से छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी तथा यह भरोसा दिलाया कि आगे की कक्षाओं में उन्हें अधिकतम संसाधन, सुविधा और शिक्षण का सर्वोत्तम वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होंने विद्यालय के समर्पित शिक्षकों की दिव्य मार्गदर्शना एवं विद्यार्थियों की अटूट साधना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सफलता केवल परीक्षा की नहीं, चरित्र, चेतना और चिर-साधना की विजय है।

## सार-संक्षेप

### जनता दरबार में दो मामले निष्पादित

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**वीरपुर/ बेगुसराय** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए जमीनी विवाद को निपटारे को लेकर पुर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को थाना परिसर स्थित प्रतीक्षालय भवन में वीरपुर के अंचलाधिकारी भाई बीरेंद्र के अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि एक नया आवेदन सहित कुल आठ मामलों की सुनवाई की गई जिसमें दो मामले को आपसी समझौता के आधार पर निष्पादित किया गया। शेष बचे हुए आवेदन के आलोक में दोनों पक्षों को नोटिस कर साक्ष्य सहित उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।मौके पर वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ,अंचल के राजस्व कर्मचारी राधेश्याम कुमार, सहित दर्जनों फरियादी मौजूद थे।

### विधायक ने चलाया जनसंपर्क अभियान



राष्ट्र संवाद संवाददाता
**वीरपुर/ बेगुसराय** प्रखंड के भवानंदपुर पंचायत में शनिवार को बेगूसराय सदर विधायक कुंदन कुमार ने जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने लोगों से उनकी समस्याओं से रूबरू हुए साथ ही उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास है कि बेगुसराय विधानसभा के अंदर सड़क, शिक्षा, एवं स्वास्थ्य सहित समय समय पर किसान भाइयों के विकास के लिए भी तत्पर रहते हैं जरूरत पड़ने पर विधानसभा में भी सवाल खड़ा करने का काम करते हैं। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों ने अपने विधायक को फूल का माला पहना कर उनका स्वागत किया।मौके पर मंडल अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बीरसेन विक्रम, महामंत्री राकेश कुमार व कुंदन जोशवा, मंडल मंत्री हीरा मालाकार, मुखिया दीपक कुमार साह, पंचायत अध्यक्ष अरुण तांती, भाजपा कार्यकर्ता चक्रवर्ती झा, रामसखा सिंह, विनोद कुमार के साथ-साथ अन्य कई ग्रामीण मौजूद थे।

### खोदावंदपुर केविके में बकरियों के स्वास्थ्य प्रबंधन पर दिया गया प्रशिक्षण




राष्ट्र संवाद संवाददाता
**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** कृषि विज्ञान केन्द्र खोदावंदपुर में शनिवार को पशु सखियों को बकरियों के स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदान और जीविका की 33 पशु सखियों ने भाग लिया. प्रशिक्षण के दौरान केविके के पशु वैज्ञानिक डॉ विपिन, प्रदान तेघड़ा के अवनीश समेत अन्य ने बकरियों के स्वास्थ्य प्रबंधन पर उनके टीकाकरण, घरेलू उपचार आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी. वहीं केविके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ रामपाल ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक उपयुक्त मध्यम बताया. प्रशिक्षणार्थी पशु सखी दीदीयों को प्रमाण पत्र भेंटकर कार्यक्रम की समाप्ति की गयी. इस कार्यक्रम में प्रदान संस्था से सौम्या श्री मौजूद थी. बताते चलें कि गत 15 मई से बकरियों के स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था जो 17 मई को प्रमाण पत्र देकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया.

### खोदावंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईसीजी जांच सेवा शुरू



राष्ट्र संवाद संवाददाता
**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोदावंदपुर में शनिवार को ईसीजी जांच सेवा शुरू किया गया. इससे हृदय रोग से जुड़े रोगियों को ईसीजी जांच करवाने में काफी राहत मिली. सीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राम नरेश शर्मा एवं स्वास्थ्य प्रबंधक सत्यदर्शी कुमार ने संयुक्त रूप से ईसीजी सेवा का शुभारंभ किया. इस सेवा के शुरू होने से क्षेत्र के गरीब गुरबे रोगियों में प्रसन्नता देखी गयी. बताते चलें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोदावंदपुर में हृदय रोग से जुड़े रोगियों के लिए ईसीजी जांच की सुविधा नहीं थी, जिससे रोगियों को बाहर जाकर ईसीजी जांच करवाना पड़ता था. इस कार्य में गरीब गुरबे रोगियों पर आर्थिक दवाब होता था. रोगियों ने बताया कि अस्पताल में ईसीजी जांच की व्यवस्था हो जाने से अब गरीब रोगियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा. मौके पर अनेक स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.

### शांति को अपना परम धर्म मानते हैं परन्तु हम कायर नहीं : आरिफ मोहम्मद खां

**पटना, ।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने शनिवार को बीआईए सभागार पटना में विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित आद्य पत्रकार देवर्षि नारद स्मृति कार्यक्रम में कहा कि भारत के लोग संवाद की शक्ति में विश्वास रखते हैं। लेकिन जिनके लिए संवाद की शक्ति अर्थहीन है, उनके लिए शक्ति के संवाद की आवश्यकता है और इसे भी करने में भारतीय पूरी तरह सक्षम हैं। इसी बात को हमारे ऋषियों ने हजारों साल पहले 'अग्रतः सकलं शास्त्रं, पृष्ठतः सशरं धनु ..' के रूप में स्थापित किया था। इसका अर्थ यह भी हुआ कि शांति को अपना परम धर्म मानते हैं परन्तु हम कायर नहीं हैं।'राष्ट्रीय अस्मिता और समकालीन चुनौतियां' विषयक संगोष्ठी के बतौर मुख्य वक्ता राज्यपाल ने 'तपः स्वाध्याय निरतं तपस्वी वाग्विदां वरम्' का उल्लेख करते हुए स्वामी रंगनाथ का जिक्र किया और कहा कि ज्ञान को अर्जित करने के बाद उसे समाज में वितरित और विस्तारित करना ही मां सरस्वती के प्रति सच्ची श्रद्धा है।राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि बीच के कालखंड में अपने लोगों के बीच अर्जित ज्ञान का वितरण बंद कर दिया था, इस कारण बाहरी आक्रमणकारियों द्वारा शासित होना पड़ा।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

## आईपीएल से धोनी के रिटायरमेंट पर सस्पेंस खत्म, सीएसके ने बताया माही का फ्यूचर प्लान!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी 43 साल की उम्र में भी आईपीएल खेल रहे हैं। धोनी को लेकर कहा जा रहा है कि यह उनका आखिरी सीजन है। धोनी फिलहाल पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं। आईपीएल 2025 में सीएसके का प्रदर्शन बहुत ही निराशाजनक रहा है और टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। सिर्फ इतना ही धोनी के खुद फॉर्म भी इस समय उनका साथ नहीं दे पा रही है। ऐसे में उनके टीम में होने पर भी सवाल उठने लगे हैं। इसके बावजूद सीएसके के फैंस धोनी के लिए अभी भी टीम को पूरा सपोर्ट कर रहे हैं। इस सीजन में सीएसके को अभी दो मैच और खेलने हैं। ऐसे में फैंस में यह जानने की कौतूहल मची है कि क्या धोनी इसके बाद अब येलो जर्सी दोबारा फिर नजर आएंगे या फि नहीं। क्या सीएसके के एक युग का अंत होने वाला, लेकिन इस बीच टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक जो खबर सामने आई उससे जान सीएसके और धोनी फैंस झूम उठेंगे।

**आईपीएल 2026 में खेलेंगे महेंद्र सिंह धोनी :** धोनी को लेकर फिलहाल सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या वह आईपीएल 2026 में सीएसके के लिए मैदान पर उतरेंगे या फिर नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक फ्रेंचाइजी के लोगों का मानना है कि धोनी अभी टीम को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। टीम में अभी भी कई चीजें ठीक करनी हैं, जिसके लिए धोनी का मार्गदर्शन जरूरी है। अगर ऐसा होता है तो धोनी निश्चित रूप से आईपीएल 2026 में खेलते हुए दिख सकते हैं। ऐसा नहीं है कि एमएस धोनी से आईपीएल रिटायरमेंट को लेकर सवाल नहीं पूछे गए हैं। एक मैच के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या आईपीएल 2025 उनका आखिरी सीजन है। इसके जवाब में उन्होंने कहा था कि इस पर वह कुछ समय बाद फैसला लेंगे। इसके साथ ही उन्होंने अपनी फिटनेस को लेकर भी बात की थी। धोनी का मानना है कि आईपीएल में आगे खेलना है या फिर नहीं ये उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई मनी इन द बैंक के लिए घातक महिला रेसलर ने किया क्वालीफाई, चैंपियनशिप का भी किया बचाव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई में मनी इन द बैंक की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। फ्राइडे नाइट स्मैकडाउन में कई रोमांचक मुकाबले हुए। टिफनी स्ट्रैटन ने अपना डब्ल्यूडब्ल्यूई विमेंस चैंपियनशिप सफलतापूर्वक बचाया। एलेक्सा ब्लिस और सोलो सिकोआ ने मनी इन द बैंक के लिए क्वालीफाई किया। इस एपिसोड में द रॉक जिन्हें ड्वेन जॉनसन के नाम से भी जान जाता है। उनका जन्मदिन भी मनाया गया।

**7 जून को होगा मनी इन द बैंक:** फ्राइडे नाइट स्मैकडाउन में डब्ल्यूडब्ल्यूई मनी इन द बैंक की शुरुआत हो चुकी है। यह इवेंट 7 जून को लॉस एंजिल्स के इंटुइट डोम में होगा। बैकलैश के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई ने तुरंत इस बड़े इवेंट की तैयारी शुरू कर दी है। इस एपिसोड में विमेंस चैंपियनशिप का शानदार मुकाबला हुआ। साथ ही, मनी इन द बैंक के लिए क्वालीफाइंग मैच भी शुरू हो गए।

**टिफनी स्ट्रैटन ने किया चैंपियनशिप का बचाव:** मुख्य मुकाबले में टिफनी स्ट्रैटन का सामना पूर्व चैंपियन नाया जैक्स से था। टिफनी स्ट्रैटन को अपना डब्ल्यूडब्ल्यूई विमेंस चैंपियनशिप बचाना था। मैच में तब मोड़ आया जब नाओमी स्टील की कुर्सी लेकर रिंग में आईं। लेकिन जेड कार्गिल ने उन्हें रोक दिया। इस मौके का फायदा उठाते हुए स्ट्रैटन ने जैक्स के चेहरे पर कुर्सी से ड्रॉपकिक मारी। फिर अपना सिग्नेचर मूव प्रीटिएस्ट मूनसॉल्ट एवरलगाकर जीत हासिल की। पहले विमेंस मनी इन द बैंक क्वालीफायर में एलेक्सा ब्लिस, चेल्सी ग्रीन और मिचिन के बीच मुकाबला था। चेल्सी ग्रीन ने चोरी से जीतने की कोशिश की।

# इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट: श्रेयस अय्यर इन... सरफराज खान आऊट, इंग्लैंड दौरे के लिए नवजोत सिंह सिद्धू ने चुनी भारतीय टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम को अगले महीने इंग्लैंड का दौरा करना है, जहां पर उसे मेजबान टीम के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इस सीरीज के लिए भारतीय टीम के सेलेक्शन पर सबकी निगाहें हैं. टेस्ट टीम का ऐलान 23 मई को किया जा सकता है. उसी दिन टीम इंडिया के नए टेस्ट कप्तान का भी पता चलेगा. रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद टेस्ट कैप्टेंसी का पद खाली है.

**सिद्धू ने इंग्लैंड दौरे के लिए चुनी टीम:** इंग्लैंड दौरे के लिए फैन्स और क्रिकेट विशेषज्ञ भी अपनी-अपनी टीम चुन रहे हैं. अब इंडिया के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने भी इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम चुनी है. सिद्धू ने अपनी टीम में श्रेयस अय्यर, करुण नायर और साई सुदर्शन को जगह दी है. बता दें कि करुण नायर ने अपना आखिरी टेस्ट मार्च 2017 में खेला था. जबकि श्रेयस भी काफी समय से टेस्ट टीम से बाहर हैं. वहीं सलामी बल्लेबाज सुदर्शन ने अब तक भारत के लिए एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है. नवजोत सिद्धू ने टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत के अलावा ध्रुव जुरेल को चुना. वही तेज गेंदबाजी यूनिट में उन्होंने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा को भी नामित किया. सिद्धू ने अपनी टीम में फास्ट ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को जगह नहीं



दी है, जबकि नीतीश रेड्डी टीम का हिस्सा हैं. सिद्धू की टीम में मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सरफराज खान शामिल नहीं हैं, जो ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा थे. यही नहीं नवजोत सिंह सिद्धू ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के लिए भारत की प्लेइंग-11 चुनी. उन्होंने इस मैच के लिए अपनी प्लेइंग-11 से प्रसिद्ध कृष्णा, श्रेयस अय्यर, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव और करुण नायर को बाहर रखा. भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 20 जून से हेडिंग्ले में खेला जाना है. हालांकि सिद्धू ने फेसबुक पोस्ट में इस बात का जिक्र नहीं किया कि टीम का कप्तान कौन होगा? इंग्लैंड दौरे के लिए नवजोत सिंह सिद्धू की 16 सदस्यीय भारतीय टीम- साई सुदर्शन, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, श्रेयस अय्यर, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव, करुण नायर. हेडिंग्ले टेस्ट के लिए नवजोत सिंह सिद्धू की भारतीय टीम- साई सुदर्शन, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह. बता दें कि वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के तीसरे चक्र के फाइनल के कुछ दिन बाद ही भारत-इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज होनी है. भारतीय टीम आखिरी बार टेस्ट सीरीज के लिए साल 2021 में इंग्लैंड दौरे पर गई थी, जो 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ था. हालांकि कोविड-19 महामारी के कारण उस दौरे का आखिरी टेस्ट मैच 2022 में हुआ था, जिसे इंग्लैंड ने सात विकेट से जीता.दूसरी ओर, रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस को पांच बार चैंपियन बनाया और उनकी ओपनिंग बल्लेबाजी ने हमेशा सुर्खियां बटोरीं। यह जोड़ी किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को शुरूआती झटका देने में सक्षम है। रैना, सूर्यकुमार और पोलार्ड की तिकड़ी मध्य क्रम में गिलक्रिस्ट ने 'मिस्टर आईपीएल' सुरेश रैना को जगह दी, जो अपनी तेजतर्रार बल्लेबाजी और शानदार फील्डिंग के लिए जाने जाते हैं।



## 1 साल में 2300 करोड़ की कमाई.इस स्टार खिलाड़ी पर हुई पैसों की बारिश, फिर बना दुनिया में नंबर-1

नई दिल्ली, एजेंसी। खेल की दुनिया न केवल प्रतिभा और जुनून का मंच है, बल्कि यह एक विशाल आर्थिक मंच भी है, जहां स्टार खिलाड़ी अपनी उपलब्धियों और ब्रांड वैल्यू के दम पर करोड़ों की कमाई करते हैं. फोर्ब्स ने हर साल की तरह इस बार भी सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है. इस बार कई बड़े खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई करते हुए लिस्ट में अपनी जगह बनाई है. वहीं, एक दिग्गज कमाई के मामले में इतना आगे है कि दूसरा खिलाड़ी उसके आसपास भी नहीं है. पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक बार फिर लिस्ट में नंबर-1 बनने में कामयाब रहे हैं. क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने मई 2024 और मई 2025 के बीच सबसे ज्यादा कमाई की है. फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पिछले 1 साल में 275 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,356 करोड़ रुपए) की कमाई की है. इसी के साथ वह लगातार तीसरी बार इस लिस्ट में टॉप पर रहे हैं. वहीं, ये 5वां मौका है जब उन्होंने एक साल में सबसे ज्यादा कमाई करने के मामले में दुनिया के सभी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा है.

40 साल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो की कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा सऊदी प्रो लीग के क्लब अल-नासर के साथ उनकी 225 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सालाना सैलरी से आता है. इसके अलावा, नाइकी, बिनांस, और हर्बालाइफ जैसे ब्रांड्स से उनकी ऑफ-फील्ड कमाई को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाया. इसके साथ उनकी एंडोर्समेंट डील्स और सोशल मीडिया की अपार लोकप्रियता (लगभग 939 मिलियन फॉलोअर्स) भी इसका एक बड़ा कारण है.

**लिस्ट में ये स्टार खिलाड़ी भी शामिल:** एनबीए के गोल्डन स्टेट वॉरियर्स के स्टार खिलाड़ी स्टीफन करी इस साल दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने अनुमानित 156 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई की. यह राशि बास्केटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक नया रिकॉर्ड भी है. वहीं, ब्रिटिश हेवीवेट बॉक्सर टायसन फ्यूरी ने 2025 में 146 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ तीसरा स्थान हासिल किया. अमेरिकी फुटबॉल लीग एनएफएल के डलास काउबॉय्स के क्वार्टरबैक डाक प्रेस्कॉट 137 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ चौथे स्थान पर रहे. दूसरी ओर अर्जेंटीना के फुटबॉल लीजेंड लियोनेल मेसी 135 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ पांचवें स्थान पर हैं. रैना ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए कई यादगार पारियां खेलीं। उनके बाद सूर्यकुमार यादव, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 360 डिग्री बल्लेबाजी से सभी को हैरान किया।

## रोहित शर्मा के लिए राहुल द्रविड़ का खास संदेश अब मुंबई में टिकट की चिंता नहीं, मुझे पता है किससे संपर्क करना है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल द्रविड़, जिन्हें क्रिकेट की दुनिया में 'द वॉल' के रूप में जाना जाता है,उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में रोहित को बधाई दी। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, अरे रोहित, लगता है तुमने उन स्टैंड्स में इतने छक्के मारे कि उन्हें तुम्हारे नाम पर रखना ही पड़ा! द्रविड़ ने इस सम्मान को रोहित के लिए एक सपने के सच होने जैसा बताया। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि एक युवा लड़के के रूप में तुमने वानखेड़े जैसे प्रतिष्ठित स्टेडियम में खेलने का सपना देखा होगा। लेकिन क्या तुमने कभी सोचा था कि एक दिन इस स्टेडियम का एक स्टैंड तुम्हारे नाम पर होगा? यह मुंबई और भारतीय क्रिकेट में तुम्हारे योगदान का सच्चा पुरस्कार है। द्रविड़ ने रोहित के शानदार प्रदर्शनों की तारीफ करते हुए कहा, वानखेड़े जैसे विश्व स्तरीय स्टेडियम में खेलना हर क्रिकेटर का सपना होता है, और रोहित, तुमने न केवल वहां खेला, बल्कि अनगिनत यादगार पारियां खेलकर उसे और खास बनाया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में यह भी जोड़ा, अब जब तुम्हारे नाम पर स्टैंड है, तो अगली बार मुंबई में टिकट की कमी होने पर मुझे पता है कि किससे संपर्क करना है!

**वानखेड़े का सच्चा स्टार:** रोहित शर्मा का वानखेड़े स्टेडियम के साथ रिश्ता बेहद खास है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उन्होंने इस मैदान पर कई ऐतिहासिक जीत हासिल की हैं। उनके बल्ले से निकले छक्कों ने न केवल प्रशंसकों का दिल जीता, बल्कि इस स्टेडियम को क्रिकेट प्रेमियों के लिए और भी यादगार बना दिया। वानखेड़े में रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने कई आईपीएल खिताब जीते और उनकी व्यक्तिगत पारियों ने भी इस मैदान को एक अलग पहचान दी।

रोहित का यह सम्मान उनके उस समर्पण का प्रतीक है, जिसके साथ उन्होंने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वनडे क्रिकेट में तीन दोहरे शतक, टी20 में रनों का अंबार, और कप्तान के रूप में उनकी शानदार रणनीतियां-रोहित ने हर प्रारूप में अपनी छाप छोड़ी है। वानखेड़े का यह स्टैंड उनके उस जुनून और मेहनत का सम्मान है, जिसने उन्हें 'हिटमैन' बनाया।

**एक नया अध्याय:** रोहित शर्मा के नाम पर स्टैंड का नामकरण केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा भी है। यह हर उस युवा क्रिकेटर को प्रेरित करेगा, जो वानखेड़े के मैदान पर खेलने का सपना देखता है। जैसा कि द्रविड़ ने कहा, मुझे उम्मीद है कि रोहित के नाम वाला यह स्टैंड और भी कई छक्कों का गवाह बनेगा। यह स्टैंड न केवल रोहित की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि भारतीय क्रिकेट के सुनहरे भविष्य का भी प्रतीक है।

**परिवार, दोस्त और प्रशंसकों के लिए गर्व का पल:** राहुल द्रविड़ ने अपनी शुभकामनाओं में रोहित के परिवार और दोस्तों को भी शामिल किया। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह तुम्हारे लिए, तुम्हारे परिवार और दोस्तों के लिए एक शानदार दिन होगा। यह सम्मान न केवल रोहित के लिए, बल्कि उनके उन लाखों प्रशंसकों के लिए भी गर्व का क्षण है।

## मेरा तो नहीं पर प्रशंसकों ... इतिहास रचने के बाद नीरज चोपड़ा ने बताया अपना अगला टारगेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सुनहरे भाले के नायक, दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने आखिरकार वो कर दिखाया, जिसका इंतजार पूरे देश को बेसब्री से था। उन्होंने दोहा में आयोजित डायमंड लीग में 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार कर लिया। यह उपलब्धि न केवल नीरज के लिए, बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का क्षण है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे है उनके नए कोच, जैवलिन थ्रो के दिग्गज जैन जेलेनी का मार्गदर्शन, जिन्होंने खुद कई बार 90 मीटर की दूरी को छुआ और विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया।




**दोहा में रचा गया इतिहास:** दोहा डायमंड लीग में नीरज ने अपने तीसरे प्रयास में 90 मीटर की दूरी पार की। खास बात यह रही कि इस थ्रो को नीरज ने अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो नहीं माना। उनके अनुसार, इस थ्रो में वह बल था, जो सामान्यतः भाला फेंक में चाहिए, लेकिन फिर भी 90 मीटर का आंकड़ा पार हो गया। इस उपलब्धि के बाद नीरज ने रेवस्पोर्ट्स को दिए विशेष साक्षात्कार में अपनी खुशी और आत्मविश्वास को साझा किया। नीरज ने कहा, हमारी तैयारियों को देखते हुए मुझे पता था कि 90 मीटर का थ्रो आने वाला है। आज मेरे दो थ्रो 88 मीटर से अधिक थे। कोच जैन जेलेनी भी कह रहे थे कि मैं और बेहतर कर सकता हूं। फरवरी से मैं उनके साथ काम कर रहा हूं और मेरी तकनीक में कुछ बदलाव हो रहे हैं। 90 मीटर का बैरियर पार करने से मैं बहुत खुश हूं।

**एक सपना जो हकीकत बना:** पिछले कुछ समय से नीरज 88-89 मीटर की दूरी लगातार पार कर रहे थे, लेकिन 90 मीटर का आंकड़ा एक दीवार की तरह उनके सामने खड़ा था। कई लोग सवाल उठा रहे थे कि क्या नीरज इस आंकड़े को छू पाएंगे। लेकिन नीरज और उनके कोच जेलेनी की रणनीति ने इन सभी सवालों को चुप करा दिया।

## एडम गिलक्रिस्ट ने चुनी ऑल-टाइम आईपीएल इलेवन कोहली और उनके इन खतरनाक साथी खिलाड़ियों को किया नजरअंदाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने क्रिकेट की दुनिया में एक अनूठा मुकाम हासिल किया है, और इसकी चमक को बरकरार रखने वाले खिलाड़ियों की चर्चा हमेशा सुर्खियों में रहती है। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज और डेक्कन चार्जर्स के पूर्व कप्तान एडम गिलक्रिस्ट ने हाल ही में अपनी ऑल-टाइम आईपीएल इलेवन चुनी है, जिसमें कुछ बड़े नाम शामिल हैं, तो कुछ चौंकाने वाले फैसले भी सामने आए हैं। गिलक्रिस्ट ने इस टीम की कमान अनुभवी महेंद्र सिंह धोनी को सौंपी है, जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार आईपीएल खिताब दिलाया। लेकिन, हैरानी की बात यह है कि आईपीएल के रन-मशीन विराट कोहली, विस्फोटक क्रिस गेल और लेग-स्पिनर राशिद खान जैसे दिग्गजों को इस टीम में जगह नहीं मिली। आइए, गिलक्रिस्ट की इस खास पसंद पर एक नजर डालते हैं।




**गिलक्रिस्ट के कप्तान धोनी:** महेंद्र सिंह धोनी, जिन्हें 'कैप्टन कूल' के नाम से जाना जाता है, को गिलक्रिस्ट ने अपनी ऑल-टाइम इलेवन का कप्तान चुना। 2008 में आईपीएल के पहले सीजन से लेकर अब तक धोनी ने अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है। चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार चैंपियन बनाने वाले धोनी की रणनीतिक समझ और दबाव में शांत रहने की कला गिलक्रिस्ट की पसंद का आधार रही। धोनी न केवल विकेट के पीछे चुस्त हैं, बल्कि फिनिशर के रूप में भी बेजोड़ हैं। गिलक्रिस्ट का यह फैसला धोनी के आईपीएल में अतुलनीय योगदान को दर्शाता है।

**ओपनिंग में वॉर्नर और रोहित की जोड़ी:** गिलक्रिस्ट ने अपनी टीम की शुरुआत के लिए ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और भारत के 'हिटमैन' रोहित शर्मा को चुना। वॉर्नर, जो सनराइजर्स हैदराबाद के लिए कई बार रन-मशीन साबित हुए, अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर हैं।